हरिभूमि
# रायपुर भूमि



यह तस्वीर नेताजी सुभाष स्टेडियम रायपुर की जब रविवार को बिजली ने दिखाया था रौद्र रूप



## बादलों के घर्षण से पैदा हो रही लाखों वॉट की बिजली, कंपा देने वाली गर्जना उसी वजह से

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून की विदाई के पहले हो रही बारिश के साथ कड़क रही बिजली और होने वाली भयानक गर्जना लोगों को भयभीत कर रही है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो वातावरण में मौजूद नमी और बढ़ती गर्मी के कारण भारी मात्रा में बादल बन रहे हैं। इनमें मौजूद पानी और बर्फ के अदृश्य कणों के बीच होने वाले घर्षण से लाखों वॉट की बिजली कड़क रही और जोरदार टक्कर से बादलों में गड़गड़ाहट भी हो रही है। आमतौर पर ऐसा मई जून और जुलाई के पहले पखवाड़े ⏭ शेष पेज 13 पर

### 6 दिन में 54 मिमी. बारिश रायपुर में 557 फीसदी ज्यादा

रेनी सीजन के बीते 6 दिन में प्रदेश में 54 मिमी. बारिश हुई जो सामान्य से 155 फीसदी अधिक है। गरियाबंद में इस अवधि में 112 और रायपुर में 107 मिमी. बारिश हो चुकी है। रायपुर में 557 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है, जो अन्य जिलों की तुलना में काफी ज्यादा है। मानसून के प्रदेश छोड़ने के पहले एकाध दौर की वर्षा और होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। प्रदेश में रेनी सीजन की समाप्ति सामान्य बारिश के साथ हुई थी।

### मानसून की विदाई दूसरे पखवाड़े में

दक्षिण-पश्चिम मानसून की छत्तीसगढ़ से विदाई अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में ही होने की उम्मीद है। अभी बारिश की गतिविधि अलग-अलग क्षेत्रों में बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई है। रायपुर में सोमवार को धूप-छांव का खेल चलता रहा और बूंदाबांदी वाली स्थिति बनती रही है। राज्य का अधिकतम तापमान 31.8 दुर्ग का दर्ज किया गया। मौसम में होने वाले बदलाव के बीच रात में मौसम में ठंडकता बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### एसएसपी की बैंक के लीगल अफसरों संग बैठक



**रायपुर।** ऑनलाइन ठगी सहित ऑनलाइन जालसाजी रोकने आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एसएसपी लाल उमेद सिंह ने सभी बैंकों के लीगल हेड अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में शामिल अधिकारियों को बताया गया कि ठगी के शिकार लोगों को किसी अन्य बैंक में भेजने के बजाय उनकी शिकायत 1930 में कराकर रकम होल्ड कराएं। साथ ही ऑनलाइन जालसाजी रोकने कॉर्पोरेट अकाउंट खोलने में सावधानी बरतने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने बैंक के लीगल अफसरों से कहा गया।

### कार चोरी के आरोप में दो नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कार चोरी करने के आरोप में दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है। शंकरनगर निवासी दीप कुमार ग्वाइन ने कार चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। नाबालिगों ने 4 अक्टूबर को दीप कुमार के घर से कार की चाबी चोरी कर कार ले गए थे। कार चोरी करने के बाद नाबालिग महासमुंद की ओर चले गए। तुमगांव के पास कार एक्सीडेंट में दोनों नाबालिग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया था।

### टैंकर की चपेट में आने से युवती की मौत

**रायपुर।** राखी थाना क्षेत्र में टैंकर की चपेट में आने से एक दोपहिया वाहन सवार युवती की मौत हो गई। युवती मूल रूप से दुर्ग की रहने वाली है, वह नवा रायपुर में एक ड्राइविंग सीखने आई हुई थी। पुलिस के अनुसार टैंकर सीजी-26, जे-7077 की चपेट में आने से लीना देवांगन की मौत हो गई। लीना 4 अक्टूबर को ड्राइविंग सीखने तेंदुआ स्थित ड्राइविंग स्कूल गई हुई थी। वापस लौटने के दौरान तेंदुआ चौक के पास विपरीत दिशा से लापरवाही से टैंकर चालक ने वाहन चलाते हुए युवती की दोपहिया को ठोकर मार दी। युवती के सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का पॉयलट प्रोजेक्ट धड़ाम

# 130 करोड़ का प्रोजेक्ट, मीटर कहीं चोरी, कहीं कबाड़ 15 वार्ड में 24 घंटे शुद्ध पानी पहुंचाने में लग गए 3 साल

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 180 किलोमीटर के दायरे में बिछाई नई पाइपलाइन, 21 हजार घरों में स्वचालित वाटर मीटर
- काम में माइल स्टोन पूरा नहीं 15 लाख की लग चुकी पेनाल्टी

शहर के 15 वार्डों में 1 लाख 15 हजार की आबादी को 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के मामले में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड फिसड्डी साबित हुआ है। 130 करोड़ रुपए के इस पायलट प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी 3 साल बाद भी पूरा नहीं कर पाई। जबकि प्रोजेक्ट के 180 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाने के साथ ही 23 हजार में से 21 हजार घरों में स्वचालित नए वाटर मीटर लगाए जा चुके हैं। यही नहीं, शहर में 40 स्थानों पर पानी का प्रेशर जांचने प्रेशर ट्रांसमीटर स्थापित किया गया है। इन सबके बाद भी 15 में से एक भी वार्ड में ⏭ शेष पेज 13 पर

### 23 हजार घरों में आधुनिक वाटर मीटर

23 घंटे जल आपूर्ति के प्रोजेक्ट के तहत 15 वार्डों में 23 हजार घरों में ठेका एजेंसी को आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर निःशुल्क लगाना था, इसमें से अब तक 21 हजार घरों में नए वाटर मीटर लगाए जा चुके हैं, बाकी के 2 हजार घरों में वाटर मीटर लगाना बाकी है।





### अपग्रेड नहीं हो पाया मोतीबाग का पंपिंग स्टेशन

मोतीबाग पानी टंकी से संबंधित वार्डों में जल आपूर्ति के लिए 2 पुराने मोटर पंप का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले दिनों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना शुरू होने पर पंपिंग स्टेशन को अपग्रेड कर मोटर पंप की क्षमता बढ़ाकर 110 किलोवाट की जाएगी। इस तरह के 2 नए मोटर पंप लगाए जाएंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी ने नए मोटर पंप क्रय करने इस्टीमेट दे दिया है। जिसके आधार पर जोन 4 से नए मोटर पंप क्रय कर लगाने का काम इन दिनों किया जा रहा है।

### प्रोजेक्ट लेट, 15 वार्डों में को नहीं मिल पाया लाभ

मोतीबाग और गंज पानी टंकी से 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने 30 सितंबर तक समय सीमा अनुबंधित एजेंसी को दी गई। इसके बाद भी निर्धारित समय में काम पूरा नहीं हुआ इसके चलते इन वार्डों के रहवासियों को इस योजना का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। ठेका एजेंसी को 5 साल तक प्रोजेक्ट की देखरेख व संचालन स्वयं के व्यय से करना है। पानी की खपत के आधार उपभोक्ताओं से जल शुल्क की वसूली की जानी है। लोगों के घरों में नए वाटर मीटर तो लगा दिए पर 24 घंटे पानी अब तक नहीं पहुंच पाया। ऐसे में करोड़ों खर्च कर खरीदे गए वाटर मीटर महज शोपीस बनकर रह गए। घरों के बाहर लगाए गए कुछ नए वाटर मीटर चोरी हो चुके हैं।

यशवंत केराम को उद्यानिकी का प्रभार

## कपिलदेव कृषि विवि के नए कुलसचिव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कपिलदेव दीपक इंदिरा गांधी कृषि विवि के नए कुलसचिव होंगे। सोमवार को कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया। अन्य नियुक्तियां भी विभाग द्वारा की गई हैं। यशवंत केराम को प्रतिनियुक्ति पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि का कुलसचिव बनाया गया है। वर्तमान में वे सरगुजा कृषि संभाग के संयुक्त संचालक के पद पर हैं। वहीं कपिलदेप कृषि संचालनालय में संयुक्त संचालक पद पर कार्यरत थे। इस पद से मुक्त करते हुए उन्हें कृषि विवि का प्रभार सौंपा गया है। अन्य फेरबदल भी कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किए गए हैं। आरएल खरे की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी गई है। वे प्रतिनियुक्ति पर उद्यानिकी एवं वानिकी विवि में कुलसचिव पद पर थे। उन्हें उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है। वे अब छग कृषक कल्याण परिषद में संयुक्त सचालक का दायित्व संभालेंगे।

### पत्रकारिता विवि कर रहा इंतजार

कृषि विवि और उद्यानिकी विवि को नए कुलसचिव मिल गए, लेकिन पत्रकारिता विवि को अब तक कुलपति ही नहीं मिल सका है। पूर्व कुलपति बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल मार्च माह में समाप्त होने के बाद से लेकर अब तक यहां संभाग आयुक्त ही प्रभार संभाल रहे हैं। नवंबर-दिसंबर में सेमेस्टर परीक्षा संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। विश्वविद्यालयीन सूत्रों के अनुसार, स्थायी कुलपति ना होकर प्रभार में होने के कारण विकास संबंधित सभी कार्य बाधित हो गए हैं। केवल परीक्षा सहित अन्य अति आवश्यक कार्य संबंधित प्रस्ताव ही पारित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि राजभवन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति पद के लिए विज्ञापन दो बार जारी किया गया। प्रथम बार जारी विज्ञापन को निरस्त करते हुए आवश्यक योग्यता में बदलाव कर पुनः विज्ञापन जारी किया गया था।

# कस्टम मिलिंग घोटाला, टुटेजा, ढेबर के खिलाफ डेढ़ हजार पन्नों का पूरक चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कस्टम मिलिंग घोटाला में पहला पूरक चालान

राज्य के चर्चित 147 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में अनवर ढेबर तथा पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा के खिलाफ डेढ़ हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। ढेबर तथा टूटेजा शराब घोटाला सहित कई अन्य घोटालों में केंद्रीय जेल रायपुर में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। इसके पूर्व फरवरी 2025 में राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर और मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी के



खिलाफ ईओडब्ल्यू के कस्टम मिलिंग स्कैम में चालान पेश कर चुकी है। चालान में दोनों आरोपियों के खिलाफ ईओडब्लू ने आरोप लगाया गया है कि अनिल टूटेजा द्वारा छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र कर कस्टम मिलिंग स्कैम में राइस मिलरों से अवैध वसूली की। अवैध वसूली से असम्यक लाभ कम से कम 20 करोड़ ⏭ शेष पेज 13 पर

### राजनीतिक रसूख का लाभ उठाया

ईओडब्लू के आरोपों के मुताबिक अनवर ढेबर वर्ष 2022-23 में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति थे। आयकर विभाग के छापे के दौरान प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों से यह प्रमाण मिले हैं। अनवर के खिलाफ केवल शराब घोटाला के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी और वन विभाग पर भी गहरा एवं प्रत्यक्ष प्रभाव था। अनवर द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में अनिल टूटेजा के लिए राइस मिलरों से की गई अवैध वसूली का संग्रहण, व्यय, निवेश एवं उपभोग करने के आरोप है।

### शराब घोटाला, चैतन्य बघेल न्यायिक रिमांड पर सात दिनों के लिए जेल दाखिल



- चैतन्य के वकील ने जमानत आवेदन पेश किया

शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल तथा दीपेंद्र चावड़ा को ईओडब्लू ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 13 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू ने जेल में बंद चैतन्य को 24 सितंबर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की थी। अभियोजन पक्ष के वकील के दावों के अनुसार चैतन्य से पूछताछ में शराब घोटाले को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। आने वाले दिनों में शराब घोटाला मामले में जांच का दायरा बढ़ेगा। चैतन्य तथा दीपेंद्र से पूछताछ में जो जानकारियां मिली है, उस आधार पर ईओडब्लू घोटाला से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई को मनी लांड्रिंग के आरोप गिरफ्तार किया था, तब से चैतन्य जेल में हैं। ⏭ शेष पेज 13 पर

### जमानत के लिए आवेदन

बचाव पक्ष के वकील ने चैतन्य बघेल की जमानत के लिए स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया है। जमानत आवेदन पर बुधवार को सुनवाई होगी। जमानत आवेदन पेश करते हुए बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया है कि ईओडब्लू ने चैतन्य बघेल को शराब घोटाला के आरोपी कारोबारी पप्पू बंसल के बयान के आधार पर आरोपी बनाया है, जबकि ईओडब्लू ने पप्पू बंसल को फरार घोषित किया है।


### रोड पार कर रही युवती की क्रेन से कुचलकर मौत

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में पैदल रोड पार कर रही एक युवती की क्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह साढ़े नौ बजे कमला प्रदीप मोगरे उरकुरा तिराहा से रोड क्रॉस कर रही थी। इस दौरान उरकुरा रेलवे फाटक से हाइवा क्रेन सीजी-04, क्यूएल-4197 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार क्रेन चलाते हुए युवती को कुचल दिया। क्रेन की चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**




### कुशाभाऊ ठाकरे भवन के सामने थोक मार्केट के बगल में अवैध प्लाटिंग

# भू-माफिया के हौसले बुलंद, कार्रवाई के दूसरे दिन ही ठेकेदार ने लगाया तंबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ग्राम डोमा में थोक मार्केट के बगल में कुशाभाउ ठाकरे परिसर भवन के सामने हजारों वर्गफीट में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। रविवार को जिला प्रशासन की टीम ने इस अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए यहां संचालित कार्य को बंद कराने की कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने यहां गाड़ियां प्रवेश नहीं कर सके, इसके लिए न केवल रास्ते को खोदकर काटा था, बल्कि यहां कार्य में लगे ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों द्वारा बनाई गई झोपड़ियों को भी हटाने की कार्रवाई की। प्रशासन की कार्रवाई को 24 घंटे भी नहीं बीते कि ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों ने दोबारा गाड़ियों के प्रवेश



के लिए न केवल रास्ता बना लिया, बल्कि कार्य में लगी गाड़ियों को वापस कार्य स्थल पा लाकर यहां झोपड़ी भी बना लिया है। इस मामले में तहसीलदार राममूर्ति दीवान ने कहा कि दोबारा झोपड़ी बनाने और गड्डा पाटकर रास्ता पाटने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो एनआरडीए को पहले सूचित किया जाएगा। इसके बाद ही मामले में आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की टीम ने रविवार को ग्राम डोमा स्थित कुशाभाउ ठाकरे परिसर भवन के सामने थोक मार्केट के ⏭ शेष पेज 13 पर

### कार्रवाई के दूसरे दिन फिर लगा दिए तंबू, कार्य स्थल पर लगी गाड़ियां

प्रशासन की कार्रवाई को अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि अवैध प्लाटिंग स्थल पर फिर ठेकेदार एवं उसके मजदूरों ने डेरा डाल दिया है। हरिभूमि की टीम सोमवार को ग्राम डूमा पहुंची थी, जहां अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई थी। मौके पर मजदूरों के साथ झोपड़ी, ट्रैक्टर एवं मिक्चर मशीन भी मिली। मजदूरों से बातचीत करने पर पता चला कि ठेकेदार ने उन्हें यहीं रुकने कहा है, इसलिए झोपड़ी बनाकर यहां रुके हुए हैं।

### भू-माफिया को कार्रवाई का भय नहीं

राजस्व टीम ने कार्रवाई के दौरान मौके से गाड़ियों को जब्ती नहीं बनाकर ठेकेदार को चेतावनी देकर छोड़ दिया है। यहीं वजह है कि भू-माफिया और ठेकेदारों को अब प्रशासनिक कार्रवाई का भी भय नहीं रहा, जबकि दूसरी ओर अवैध प्लाटिंग पर कलेक्टर गौरव सिंह ने सख्त निर्देश दे रखे हैं कि इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर भी की जाए।

## खबर संक्षेप

### बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : अरुण साव



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बिहार चुनाव के तारीख घोषित होने पर कहा, बिहार में एनडीए की सरकार ने सदैव सर्व समाज के हित में कार्य किया है। फिर से जनता ने एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है। कांग्रेस अपनी निश्चित पराजय से भयभीत है यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने पराजित सेनापतियों को मैदान में उतारा है जो हमेशा कांग्रेस को कमजोर कर गांधी परिवार की स्तुति में लगे होते हैं। उन्होंने कहा, बिहार में कांग्रेस की पराजय तय है।

### देवेंद्र प्रताप कोयला और इस्पात समिति के सदस्य



**रायपुर।** प्रदेश के राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह को भारत सरकार द्वारा कोयला और इस्पात समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रदेश के कई सांसदों को लगातार केंद्र सरकार की समितियों में स्थान मिल रहा है। श्री सिंह की नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनको बधाई देते हुए कहा, आपका अनुभव, समर्पण और नेतृत्व निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण समिति के कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगा। आपके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं।

### कांग्रेस का हाथ पार्टी के भीतर के अपराधियों के साथ

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस का हाथ पार्टी के अंदर ही अपराधियों के साथ है। उन्होंने कहा, जांजगीर के श्याम सुपर मार्केट में डकैती की साजिश को अंजाम देते नकाबपोश अपराधियों की गिरफ्तारी और इस



मामले में गिरफ्तार आरोपियों में एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर का शामिल होना इस बात का सबूत है कि कांग्रेस पार्टी में भी अपराधी हैं। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, प्रदेश में घट रहे अधिकांश अपराधों में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद अब कांग्रेस को पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए कि वह जनता के साथ है या फिर लूटमार करने वाले अपराधियों के साथ खड़ी है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस का हाथ उनके पार्टी के भीतर के अपराधियों के साथ है कांग्रेस और अपराधियों का एक संगठित गिरोह बनता जा रहा है।

### आप पार्टी के संगठन महासचिव ने की ननकीराम से मुलाकात



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने सोमवार को पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर से उनके निवास पर मुलाकात की। कोरबा कलेक्टर की कार्यशैली को लेकर चल रहे विवाद को लेकर चर्चा की। इस दौरान श्री जायसवाल ने ननकीराम कंवर के दस्तावेजों को देखा और कहा कि भ्रष्टाचार की लड़ाई में आम आदमी पार्टी उनके साथ है।

# नौसेना के नए पोतों का नामकरण छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाक़ात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण छत्तीसगढ़ की नदियों पर करने का सुझाव दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी आरंभ करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा, प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष "सेना भर्ती रैलियों" का आयोजन किया जाए, जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके।

- प्रदेश में सेना भर्ती रैली का प्रस्ताव, बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार का दिया प्रस्ताव



### रक्षा मंत्रालय करेगा विचार

उन्होंने कहा, रक्षा मंत्रालय इस पहल पर गंभीरता से विचार करेगा और उपयुक्त अवसर पर इसे लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के विज़न के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे।

### सीएम के आग्रह का किया स्वागत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां इंद्रावती, महानदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करे, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए। जैसे आईएनएस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सुझाव की सराहना करते हुए कहा, यह विचार भारत की विविधता और एकता को प्रतिबिंबित करता है।

**41 संगठन जिलों में अध्यक्ष के नाम पर होगा विचार, सभी जिलों में नए अध्यक्ष बनेंगे**

# कल से रायपुर जिला अध्यक्ष के लिए कवायद दावेदारों से मिलेंगे एआईसीसी के पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिलों में अपने पसंद के अध्यक्ष बनाने कांग्रेस से वरिष्ठ नेता अपने क्षेत्र में जुटे हुए हैं। पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पीसीसी के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर पैनल तैयार करेंगे। पैनल में से एक नाम एआईसीसी द्वारा तय कर जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के 41 संगठन जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है।

प्रदेश में कांग्रेस के 41 संगठन जिले हैं, जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर नए सिरे से नियुक्ति की जाएगी। पर्यवेक्षकों को यहां पर जिलों का आवंटन किया जा चुका है। पर्यवेक्षकों का आना शुरू हो चुका है। पर्यवेक्षकों के द्वारा दावेदारों के आवेदन लिए जाएंगे। उसके आधार पर स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से चर्चा कर नाम तय होंगे। दुर्ग जिले के पर्यवेक्षक वहां के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक ले चुके हैं।

### विनोद, सुबोध, मेनन, दीपक, सुनील, शिव और पंकज प्रमुख दावेदार



राजधानी रायपुर में शहर जिला अध्यक्ष बनने के लिए कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी दावेदारी की है। प्रमुख दावेदारों में विनोद तिवारी, सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिवकुमार ठाकुर, सुनील कुकरेजा और पंकज मिश्रा समेत तीन दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हैं। विनोद तिवारी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष रायपुर, लोकसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस रायपुर, शहर उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस रायपुर के पद और संयुक्त महासचिव एवं सचिव पीसीसी रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के संचालक मंडल के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दी। वहीं युवा नेता सुबोध हरितवाल, वर्तमान प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में युवा कांग्रेस में कार्य किया। दूसरे दावेदारों में श्रीकुमार मेनन हैं, वे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। निगम की राजनीति में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं। शिव सिंह ठाकुर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस में संयुक्त महामंत्री हैं। उन्होंने आरडीए सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं भी दी हैं। दीपक मिश्रा जो प्रदेश कांग्रेस के महा सचिव का पद संभाल रहे हैं और कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। कांग्रेस अन्य दावेदारों में सुनील कुकरेजा पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तर विधानसभा और रायपुर लोकसभा और पंकज मिश्रा एनएसयूआई से कांग्रेस में सक्रिया वर्तमान में प्रदेश सचिव भी हैं। अन्य दावेदारों में सुनील कुमार बाजारी शामिल हैं, वे 4 दशक से कांग्रेस में सक्रिय हैं।

### सक्रिय लोगों को मौका

पर्यवेक्षक आएंगे और दावेदारों से आवेदन लेने के बद उनके की रिपोर्ट जुटाएंगे। फिर 3 से 6 नामों का पैनल तैयार करके ले जाएंगे। पर्यवेक्षकों के पैनल को फिर हाईकमान अपने स्तर पर क्रॉस चेक कराएगा। हालांकि प्रभारी और पीसीसी अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी जाएगी। पर्यवेक्षक ब्लाकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। वहां से नाम लेकर अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के साथ बैठक की पूरी सूची तैयार करेंगे।

### दावेदारों को इन सवालों का देना होगा जवाब

दावेदारी के लिए आवेदन का जो फार्मेट तैयार किया गया है उसमें 10 सवालों के जवाब देना होगा। इनमें संगठनात्मक और चुनाव पृष्टभूमि की जानकारी, इस अवधि में संभाले गए पद एवं दायित्व, सरकारी पद में नामित करने किए जाने जानकारी, क्या कभी चुनाव लड़ा, तो उसका पूरा डिटेल्स, सामाजिक गतिविधियों से जुड़े होने की जानकारी, पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेने की जानकारी, किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के सदस्य रह चुके हों तो उसकी जानकारी, पार्टी के द्वारा किए गए अनुशानात्मक कार्रवाई, आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी और अंत में जिला अध्यक्ष क्यों बनना चाहते हैं। इसके संबंध में अपने दावे और विशेष योग्यता के बारे में पूछा गया है। अध्यक्ष बनने के लिए पांच साल से कांग्रेस का सदस्य होना अनिवार्य होगा।

### एआईसीसी पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे कल आएंगे

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर जिले के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे 8 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। 9 तारीख को सुबह पीसीसी और डीसीसी अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। उसी दिन रायपुर शहर के जिला स्तर के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। 10 तारीख को रायपुर ग्रामीण के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 11 से 14 अक्टूबर तक वे ब्लॉक लेवल के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 15 अक्टूबर को दावेदार नेताओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे। इस दौरान वे शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए नामों पर सुझाव लेने के बाद निर्णय लेंगे।

### ग्रामीण अध्यक्ष के लिए ये हैं दावेदार

जिला ग्रामीण अध्यक्ष के लिए दावेदारों में पूर्व अध्यक्ष उधोराम वर्मा, धनेंद्र साहू के पुत्र प्रवीण साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे और भावेश बघेल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

### सभी जिलों में बनेंगे नए अध्यक्ष

ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा। बताया गया है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब नए सिरे से होगी। कांग्रेस के संगठन जिलों में अध्यक्ष बनाए जाएंगे। पूर्व में तीन माह पूर्व 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। नए निर्देश के बाद अब सभी जगहों पर नए जिला अध्यक्ष बनाए जाने के संकेत हैं।

## धान की खेती में कीट प्रकोप, परेशान किसानों को वैज्ञानिकों की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों हो रही असमय बारिश के फलस्वरूप धान की फसल में झुलसा, शीथ ब्लाइट रोग और कीट प्रकोप से बचाव के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने सामयिक सलाह दी है। किसानों की ओर से शिकायतें भी आ रही हैं कि खेत में दवा का छिड़काव करने के बाद भी प्रकोप खत्म नहीं हो रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कीटनाशक नकली हो सकते हैं।

**मौसम की गड़बड़ी से फैला प्रकोप**

कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि मौसम अनुकूल न होने के कारण धान की फसल पर विभिन्न प्रकार के रोग और कीट प्रकोप देखने को मिल रहे हैं, जिससे पैदावार प्रभावित हो सकती है। धान की फसल में झुलसा रोग के लक्षण पत्तियों पर नाव के आकार के धब्बों के रूप में दिखते हैं। इससे बचाव के लिए किसान ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोवीन, टेबुकोनाजोल, ट्राईसाइक्लाजोल एवं हेक्साकोनाजोल का छिड़काव करें। इसी प्रकार शीथ ब्लाइट रोग होने पर हैक्साकोनाजोल का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं जीवाणु जनित झुलसा रोग के प्रकोप पर खेत से अतिरिक्त पानी निकालकर 3-4 दिन तक खुला रखने एवं प्रति हेक्टेयर 25 किलो पोटाश डालने के साथ कासुगेमाइसीन, कॉपर ऑक्सीक्लोराइड, स्ट्रैप्टोसाइक्लिन या प्लान्टोमाइसिन का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। कीट नियंत्रण के लिए तनाछेदक कीट की निगरानी हेतु फेरोमोन ट्रैप का उपयोग करें। भूरा फुदका कीट के प्रकोप की स्थिति में पाईमेट्राजीन एवं डिनोटेफेरोन का छिड़काव प्रभावी रहेगा। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर इन उपायों को अपनाकर धान की फसल को सुरक्षित रखें और बेहतर उत्पादन लें। गौरतलब इस खरीफ सीजन में प्रदेश इस में अच्छी बारिश हुई, जिससे अच्छी फसल की संभावना है। वर्तमान कुछ दिनों में प्रदेश में असमय बारिश से कीट प्रकोप व झुलसा रोग बढ़ गए है। बता दें कि खेतों में धान की फसल लहलहा रही है तथा कुछ जगहों पर धान फूटने की स्थिति में है।

## बैज की मांग- 3286 रुपए के भाव से 1 नवंबर से धान खरीदी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन 1 माह बढ़ाया जाना चाहिए : बैज

कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी की घोषणा करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की नीयत 15 नवंबर से धान खरीदी करने की है, जो गलत है धान खरीदी 1 नवंबर से होनी चाहिए। यह भी घोषणा की जानी चाहिए कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से 3286 रुपए का भुगतान करने का भी घोषणा किया जाए।

उन्होंने कहा, सरकार अति वर्षा से हुए किसानों के नुकसान का भी आकलन कर उसकी क्षतिपूर्ति मुआवजे की घोषणा भी तत्काल करे। ताकि वर्षा के कारण हुए फसल नुकसान पर मदद मिल सके। उन्होंने कहा, धान खरीदी के लिए अनिवार्य किए गए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन बंद हो गया। एग्रीस्टेक पोर्टल में आने वाली दिक्कतों पोर्टल बंद रहने, डाटा की गड़बड़ियों खसरा खतौनी में मिलान नहीं होने से बहुत से किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पोर्टल में पंजीयन की तिथि और बढ़ाई जाए। सोसायटियों में पंजीयन की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा, जिन किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करवा लिया है, उन्हें अब सोसायटियों में रकबा सत्यापन कराना होगा। गिरदावरी डिजिटल क्राप सर्वे के बाद भी रकबा सत्यापन करने किसानों को परेशान करने के लिए अनिवार्य किया गया है। सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती इसलिए तमाम नियम कायदे बना कर परेशान किया जा रहा है। सरकार पिछले वर्ष के धान का निराकरण नहीं कर पाई है। एक साल में ही 3100 में धान खरीदने में हांफ गई है।

## लंबे इतजार के बाद रायपुर शहर जिला भाजपा की कार्यकारिणी का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**अमित मैशरी और गुंजन प्रजापति बनाए गए महामंत्री**



लंबे इंतजार के बाद अब जाकर रायपुर शहर जिला भाजपा की कार्यकारिणी का ऐलान सोमवार को किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर से अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। कार्यकारिणी में अमित मैशरी और गुंजन प्रजापति को महामंत्री बनाया गया है।

प्रदेश के जिलाध्यक्षों का ऐलान बीते साल दिसंबर में किया गया था। इसके बाद से ही जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद चल रही थी। पहले अगस्त और इसके बाद सितंबर में जिलों की कार्यकारिणी बनाने की डेडलाइन तय की गई थी। तय डेड लाइन में रायपुर शहर जिला की कार्यकारिणी नहीं बन सकी थी। इसी के साथ करीब एक दर्जन जिलों की भी कार्यकारिणी बची है। अब प्रदेश संगठन की कड़ाई के बाद बचे जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान किया जा रहा है।

### इनको मिला कार्यकारिणी में स्थान

रायपुर शहर जिला की कार्यकारिणी में सत्यम दुआ, अकबर अली, ललित जयसिंग, सुभाष अग्रवाल, नवीन शर्मा और जितेंद्र धुरंधर उपाध्यक्ष, तुषार चोपड़ा, संजय तिवारी, श्रद्धा मिश्रा, अर्चना हुकरे, रंभा चौधरी, सरोज साहू जिला मंत्री, पन्ना दुबे कोषाध्यक्ष, अनिता देवांगन कार्यालय मंत्री, चुड़ामणी निर्मलकर सह कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। इसी के साथ रोहित द्विवेदी मीडिया प्रभारी और राजकुमार राठी, विकास मिश्रा सह मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

## राशन कार्डों के 32 लाख हितग्राहियों का नहीं ईकेवाइसी, नवंबर से राशन मिलना होगा बंद

**31 अक्टूबर तक ईकेवाइसी करवाने का आखिरी मौका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- क्या फर्जी लोग अब तक उठा रहे थे राशन?

छत्तीसगढ़ में राशन कार्डों के 32 लाख हितग्राही ऐसे हैं जिनका ईकेवाईसी नहीं हो पाया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इनमें से अधिकांश हितग्राही फर्जी हो सकते हैं। अब खाद्य विभाग का कहना है कि इन 32 लाख हितग्राहियों को नवंबर से राशन मिलना बंद हो जाएगा।

राज्य में लंबे समय से राशन कार्ड धारकों के लिए ई केवाईसी अनिवार्य किया गया है। यह कोई लंबी या उबाऊ प्रक्रिया नहीं है। यदि एक राशन कार्ड में चार सदस्य हैं तो उन्हें केवल ये करना है कि सभी सदस्य अपना आधार कार्ड लेकर अपने क्षेत्र की राशन दुकान में जाएं। वहां आधार कार्ड की प्रारंभिक जांच के साथ उनके बायोमेट्रिक की जांच की जाती है। मिलान होने के साथ ही ईकेवाइसी की प्रक्रिया पूरी हो जाती है। यह हितग्राही की पहचान की एक निर्धारित प्रक्रिया है। लेकिन लोग इसे भी नहीं करवा रहे हैं, इस तरह के हितग्राहियों की संख्या 32 लाख है।

### अगले माह से राशन पर लगेगी रोक

*खाद्य विभाग के सूत्रों की मानें तो सरकार ने तय किया है कि ईकेवाइसी नहीं करवाने वाले हितग्राहियों को नवंबर से राशन मिलना बंद हो जाएगा। हालांकि इससे पहले 31 अक्टूबर तक का समय ईकेवाइसी के लिए दिया गया है।फर्जी हो सकते हैं हितग्राहीअब ये सवाल है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में हितग्राही ईकेवाइसी करवाने क्यों नहीं आ रहे हैं। खाद्य विभाग के सूत्रों के अनुसार इनमें से अधिकांश लोग फर्जी हो सकते हैं। अधिक राशन लेने के चक्कर में अपने परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त नाम भी राशन कार्ड में जुड़वा लिए गए हैं। इनमें एपीएल और बीपीएल दोनों तरह के कार्डधारी हो सकते हैं। यह संभावना भी है कि कुछ लोगों ने अपना निवास बदल लिया हो और वहां राशन कार्ड बनवा लिए हों। कई लोग केवल आयुष्मान योजना का लाभ लेने के लिए भी राशन कार्ड बनवाते हैं, इन्हें राशन लेने की जरुरत ही नहीं है। बहरहाल खाद्य विभाग ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तय किया है कि ईकेवाइसी न कराने वाले के लिए नवंबर माह का राशन का कोटा ही जारी नहीं किया जाएगा।*

### आम सूचना

(ग्राम कुरु, प.ह. नं. 02, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की कृषि भूमियाँ, खसरा नम्बर क्रमशः 1431, क्षेत्रफल 0.3000 हेक्टेयर, 1432, क्षेत्रफल 0.4500 हेक्टेयर एवं 1433, क्षेत्रफल 0.2000 हेक्टेयर, कुल खसरे-3 तथा कुल क्षेत्रफल 0.9500 हेक्टेयर (वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार, आत्मज श्री भैयाराम, निवासी- रायपुर (छ.ग.) के बाबत।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, हमारे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित भूमियों को, उसके उपरोक्त भूमिस्वामी से क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया हैं। अब मात्र उपरोक्त सौदेशुदा भूमियों के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार पर, अथवा उसके किसी भाग पर, किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों, निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज़ी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनाँक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पते पर, हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुज़रने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमियों के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उसके उपरोक्त भूमिस्वामी से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एवं नाजायज़ माना जावेगा तथा वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी भी नहीं होगा। अतः ताकीद जानें।

स्थानः रायपुर (छत्तीसगढ़)
दिनांक : 06.10.2025

**एम.जे. सैफ़ी, अदनान सैफ़ी, (अधिवक्तागण), कार्यालय क्रमांक - 35, भूतल, श्याम प्लाज़ा, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492004, मो. : 94252-09252**

### आम सूचना

(ग्राम कुरु, प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की कृषि भूमि, खसरा नम्बर 1412, क्षेत्रफल 0.9300 हेक्टेयर (वर्तमान भूमिस्वामी कृष्णकुमार, आत्मज श्री भैयाराम, निवासी- रायपुर (छ.ग.) के बाबत।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, हमारे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित भूमि को, उसके उपरोक्त भूमिस्वामी से क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया हैं। अब मात्र उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार पर, अथवा उसके किसी भाग पर, किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों, निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज़ी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनाँक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पते पर, हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुज़रने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमियों के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उसके उपरोक्त भूमिस्वामी से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एवं नाजायज़ माना जावेगा तथा वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी भी नहीं होगा। अतः ताकीद जानें।

स्थानः रायपुर (छत्तीसगढ़)
दिनांक : 06.10.2025

**एम.जे. सैफ़ी, अदनान सैफ़ी, (अधिवक्तागण), कार्यालय क्रमांक - 35, भूतल, श्याम प्लाज़ा, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492004, मो. : 94252-09252**

### आम सूचना

(ग्राम कुरु, प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की कृषि भूमि, खसरा नम्बर 1415, क्षेत्रफल 1.4400 हेक्टेयर (वर्तमान भूमिस्वामीगण ऋषिकांत, आत्मज स्व. देवेन्द्र कुमार एवं सोलह अन्य, निवासीगण - रायपुर (छ.ग.) के बाबत।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, हमारे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित भूमि को, उनके उपरोक्त भूमिस्वामीगण से क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया हैं। अब मात्र उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार पर, अथवा उसके किसी भाग पर, किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों, निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज़ी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनाँक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पते पर, हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुज़रने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमियों के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उनके उपरोक्त भूमिस्वामीगण से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एवं नाजायज़ माना जावेगा तथा वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी भी नहीं होगा। अतः ताकीद जानें।

स्थानः रायपुर (छत्तीसगढ़)
दिनांक : 06.10.2025

**एम.जे. सैफ़ी, अदनान सैफ़ी, (अधिवक्तागण), कार्यालय क्रमांक - 35, भूतल, श्याम प्लाज़ा, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) 492004, मो. : 94252-09252**

### आम सूचना

(खसरा नं. 237/139, 237/140 एवं 236/3 का भाग, कुल रकबा 0.2000 हेक्ट. ग्राम गोंदवारा, तह. व जिला रायपुर से संबंधित)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल मेसर्स ओसवाल हाइड्रोलिक्स एण्ड न्यूमेटिक्स द्वारा भागीदारगण श्री राजेन्द्र कुमार गोलेच्छा एवं श्री प्रांजल गोलेच्छा निवासी 74, जयणा, विवेकानंद नगर, रायपुर (छ.ग.) ने श्रीमती अरिशंकुला कल्याणी पति श्री अरिशंकुला नागेश्वर राव एवं श्री अरिशंकुला नागेश्वर राव पिता स्व. श्री अरिशंकुला जगन्नाथ दोनो निवासी 10/73, पानी टंकी के पास, संतोषी नगर खमतराई, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 237/139, 237/140, रकबा 0.0690, 0.0904 हेक्ट. एवं कृषि भूमि 236/2 (नया ऑनलाईन खसरा नं. 236/3) का भाग, रकबा 0.0406 हेक्ट. कुल रकबा 0.2000 हेक्ट. स्थित ग्राम गोंदवारा, प.ह.न. 37, रा.नि.मं. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याने की राशि विक्रेता को दे चुका है एवं अब केवल शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री कराना शेष है।

यदि उपरोक्त वर्णित करारशुदा सम्पत्ति के सौदे पर किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार की उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 (पन्द्रह दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे समक्ष हमारे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे के बीच लिखित में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद बीतने पर हमारे मुवक्किल द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं होंगे। जो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 06.10.2025 **एन.के. श्रीवास्तव, अधिवक्ता श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स एफ-33, हीरा आर्केड, पुराना बस स्टैण्ड पण्डरी, रायपुर (छ.ग.), मो.नं. 9826113956**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सायकिल रेस सभी वर्ग के विजेता बच्चे पुरस्कृत

**अभनपुर।** साइक्लिंग ग्रुप अटल नगर नवा रायपुर द्वारा 7 से 15 वर्ष के बच्चों हेतु रोमांचक साइकिल रेस का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्ग 7 से 09 वर्ष, 10 से 12 वर्ष एवं 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग मे संपन्न हुई जिनमें क्रमशः 3, 6 और 9 किलोमीटर की दूरी तय की गई। ग्रुप ए में प्रचेत ने प्रथम, आदर्श ने द्वितीय और आयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में नैतिक, शिवम् और आयुष विजेता बने, वहीं ग्रुप सी में अथर्व, देवश और वैभव ने स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को संस्था की ओर से मेडल, कैश प्राइज और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को नाश्ता वितरित किया गया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ नवा गांव खपरी के सरपंच धर्मेंद्र पटेल एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री त्र्यंबक राव सोनटके ने हरि झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कदम ने किया। इस अवसर पर वर प्रसाद कोला, पवन तिवारी, ज्योति टाक, रश्मि शर्मा, नागनाथ, उज्जवल, आलोक, हर्ष, अमरेश सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अधिकृत जमीनों के शीघ्र भुगतान करने की मांग

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खण्डवा सहित नवा रायपुर क्षेत्र के किसानों ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) से मांग की है कि जिन किसानों की जमीन प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई है, उन्हें हर वर्ष मिलने वाली 15 हजार रुपये की वार्षिक सहायता राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए। किसानों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को आवेदन देकर कहा है कि दीपावली त्यौहार नजदीक है और किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## निधन

### डॉ केके शर्मा

**अभनपुर।** कठिया (सिमगा) निवासी और सेवानिवृत्त



चिकित्सक डॉ केके शर्मा (89) का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कठिया के मुक्तिधाम मे किया गया। वे खोरपा(अभनपुर) निवासी संजय शर्मा के पिता थे।

### परेमिन बाई घिदौड़े

**अभनपुर।** ग्राम खपरी नवारायपुर निवासी श्रीमति परेमिन बाई घिदौड़े



का 5 अक्टूबर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे घनश्याम दास घिदौड़े,मोहन लाल घिदौड़े,लेखराम घिदौड़े,भूपेश घिदौड़े की माता थी।

### न अमृत काम आया न 24 घंटे पानी आपूर्ति का प्रोजेक्ट

# किराए के पानी टैंकर में खप गए 2 करोड़ टैंकर मुक्त शहर का दावा खोखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किराये के पानी टैंकर में इस बार निगम को 2 करोड़ का फटका लगा है, पिछले साल किराये के पानी टैंकर का खर्च 1 करोड़ 64 लाख रुपए था। यानी इस बार 36 लाख रुपये पानी टैंकर का बिल ज्यादा बना। ये स्थिति इसलिए निर्मित हुई, क्योंकि गर्मी के सीजन में शहर में नगर निगम द्वारा निर्मित पीएम आवासीय परिसर, हाउसिंग बोर्ड से हैंडओवर ली गई कालोनियों और रायपुर विकास प्राधिकरण की जल संकट प्रभावित कालोनियों में नगर निगम को लोगों की प्यास बुझाने किराये के पानी टैंकर भेजना पड़ा। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दस जोन में से शहर के 3 जोन ऐसे रहे जहां सबसे ज्यादा किराये के पानी टैंकर पर खर्च हुआ है। इनमें मोवा स्थित जोन 9 कमिश्नरी इलाका शामिल है जिसके अंतर्गत लभांडी, कचना, मोवा, सड्डू के जलसंकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था की गई। इसी तरह परसुलीडीह के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जोन 9 द्वारा पानी टैंकर भेजकर प्रभावित इलाकों में लोगों के लिए पेयजल व्यवस्था बनाई गई। इसके अलावा महोबाबाजार स्थित जोन 8 और ईदगाहभाठा पानी टंकी के पास स्थित जोन 5 के जल संकट प्रभावित इलाकों में भी किराये के पानी टैंकर की डिमांड रही। सूत्रों के मुताबिक शहर से लगे आउटर इलाके में स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासीय परिसर और ज्यादातर बीएसयूपी साइट बोरवेल भरोसे हैं, जहां तेज गर्मी की स्थिति में बोरवेल सूखने के कारण पानी आपूर्ति टैंकर से कराने की स्थिति निर्मित हुई। यहां किराये के पानी टैंकर भेजा गया।

■ गर्मी में पीएम आवासीय परिसर, आरडीए की कालोनी और हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जल आपूर्ति के लिए किराये के टैंकर



### 600 करोड़ पेयजल योजना पर खर्च, फिर भी टैंकर भरोसे शहर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो को टैंकर मुक्त कराने का दावा एक बार फिर फिस्स हो गया। जबकि नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अमृत मिशन और 24 जल आपूर्ति योजना के नाम पर 600 करोड़ रुपए खर्च कर दिये गये इसके बाद भी लोगों तक पर्याप्त मात्रा पीने का साफ पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### अमृत मिशन पर एक नजर

- पेयजल योजना पर 450 करोड़ खर्च
- शहर में 850 किलोमीटर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइप लाइन बिछाई गई।
- 20 वार्ड इसमें पूरी तरह कवर किया गया, 25 वार्ड ऐसे रहे जिसमें आंशिक क्षेत्र इस योजना में लिया गया।
- अमृत मिशन योजना के तहत शहर में 14 नई पानी टंकियों का निर्माण हुआ।
- जलशुद्धिकरण के लिए 80 एमएलडी का नया संयंत्र लगाया गया।
- राइजिंग लाइन बिछाई गई, योजना के तहत 50 से 60 हजार घरों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाए गए। इसमें से सैकड़ों वाटर मीटर टिकरापारा क्षेत्र और टैगोर नगर इलाके से चोरी हो गए। जहां घरों के बाहर लगाए गए वाटर मीटर की जगह प्लास्टिक के खाली खांचे लटक रहे हैं। लोगों ने इसकी शिकायत जोन और निगम मुख्यालय में की।

## पाहंदा की सत्संग सभा में पूर्व मंत्री साहू हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पाहंदा मे श्री ध्यानदास साहेब कबीर पंथी मठ ट्रस्ट समिति के सानिध्य मे 189वाँ वार्षिक सत्संग एवं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमे धनेंद्र साहू पूर्वमंत्री शामिल हुए। उन्होंने आश्रमो से पहुँचे हुए संतगण एवं पूज्य आचार्यो से आशीर्वाद प्राप्त कर उपस्थित सज्जनो एवं धर्म प्रेमियों को आशीष वचन के रूप मे संबोधित करते हुए कहा कि संतो की वाणी अमृत के समान होती है।जिसको मानव जीवन को आत्मसात करना चाहिए। संतो की वाणी से निकला हुआ विचार शांति सद्भाव भाईचारा एकता को दर्शाती है।श्री साहू ने सद्गुरवे को प्रणाम करते हुए कहा कि संत सहायक जीव के, संतहि पर लगाय। औरन से यह होय नही नही, जो भ्रम भूल नसाय।। पूर्वमंत्री श्री साहू ने आयोजक समिति को प्रतिवर्ष आयोजन करने पर शुभकामनाएँ पूज्य आचार्य स्वामी साहेब कबीर मठ नादिया धर्माधिकारी संत सत्येंद्र साहेब कबीर मठ नादिया एवं संत मंडली एवं संत कोमल साहेब कबीर आश्रम सकरी एवं सभी संत एवं पूज्य आचार्यो का दिए गए गुरु अमृत वचन उपदेश देने के लिए आभार व्यक्त किया।

उक्त कार्यक्रम मे डामन साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण), टीकम चंद साहू (सरपंच), हरख साहू (अध्यक्ष), पारसनाथ साहू (किसान नेता), भेखराम साहू, दुष्यंत साहू, रिखि राम साहू, लीलाराम तारक, निर्भय साहू, मंशाराम साहू, श्रवण साहू, रामलाल साहू, ओमप्रकाश साहू एवं आसपास सज्जन धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## प्रदेश में नकली कीटनाशकों की बिक्री किसान परेशान पर कार्रवाई नहीं : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेन्द्र साहू ने कहा है कि प्रदेश भर में इस समय बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवाइयों की बिक्री खुलेआम हो रही है। हालात इतने भयावह हो गए हैं कि लगभग सभी प्रकार की दवाइयाँ नकली या मिलावटी साबित हो रही हैं। इसके कारण फसलों में फैल रही बीमारियों और कीटों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों द्वारा बार-बार दवाइयों का छिड़काव करने के बावजूद फसलों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। बीमारियाँ नियंत्रण में नहीं आ पा रही हैं और फसलें बर्बादी के कगार पर पहुँच गई हैं। वर्तमान समय में फसलें दूधिया अवस्था में हैं, यानी फसल पकने का दौर शुरू हो चुका है। यह वह समय है जब किसान पूरे वर्ष की मेहनत का फल पाने की उम्मीद में रहता है, लेकिन अब किसान गहरी चिंता और निराशा में डूबे हैं। किसानों ने प्रति एकड़ 8 से 10 हजार रुपये तक की लागत सिर्फ कीटनाशक दवाइयों में खर्च की है। लेकिन दवाइयाँ नकली होने के कारण उनका कोई असर नहीं दिख रहा है, जिससे बीमारियाँ लगातार फैल रही हैं। नतीजतन, किसान न केवल अपनी पूंजी खो रहे हैं बल्कि अब फसल का लागत मूल्य निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब किसान अपनी शिकायत लेकर कृषि विभाग के पास पहुँच रहे हैं, तो अधिकारी किसानों का पक्ष न लेकर व्यापारियों की पैरवी कर रहे हैं। फील्ड निरीक्षण और सैंपल जांच के बजाय अधिकारी किसानों को ही दोषी ठहराने में जुटे हैं। यह कहा जा रहा है कि किसान दवाइयाँ कम मात्रा में डाल रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि किसान बार-बार छिड़काव कर रहे हैं लेकिन नकली दवाइयों के कारण कोई परिणाम नहीं मिल रहा।

■ पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि शिकायत पर नहीं की जा रही कार्रवाई



## आरएसएस ने पारागांव में किया पथ संचलन

**आरंग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आरंग खंड के रसनी मंडल अंतर्गत ग्राम पारागाँव में विजयादशमी के अवसर पर 5 अक्टूबर को पथ संचलन का आयोजन किया। जिसमे 40 स्वयंसेवको ने भाग लिया। कार्यक्रम मे शस्त्र पूजन कर घोष के साथ पुरे ग्राम में पथ संचलन किया गया। मुख्य अतिथि लखन लाल कुंभकार ने अपने उदबोधन में विजयदशमी उत्सव का महत्व बताते हुवे देश भक्तो के बलिदानो के बारे में बताया। मुख्यवक्ता मुकेश साहू ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के कथन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में रायपुर जिला ग्रामीण बौद्धिक प्रमुख संतोष शंख, मण्डल प्रमुख संजीव देवदास, नगर विस्तारक ओकेश नारंगे, शिवनारायण साहू, ग्राम पालक छबि राम साहू, ग्राम सह प्रमुख अंगराज व बडी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



ग्राम बुन्देलीडीह (सरोरा) के संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह के 5 वे दिन रूखमणी विवाह पर श्रोतागण जमकर झूमे नाचे।जिसके कथा वाचक पं लिखेश्वर महराज ने रूखमणी विवाह की कथा विस्तार से बताया। रूखमणी जीव है और जीव का ईश्वर से मिलन ही रूखमणी विवाह है, लक्ष्मी, नारायण की ही है। भक्ति और भगवान का मिलन ही रूखमणी विवाह है,भागवत जी मे सत्यं परम धीमहि, कहकर भगवान का परिचय दिया है, सत्य रूप मे संपूर्ण विश्व चराचर को चेतना प्रदान कर पोषण करने के कारण भगवान सबके स्वामी हैं पति हैं, इसलिए जगत के स्वामी है जगन्नाथ है, जीव को कभी अहंकार आ सकता है। अतः साधक को सावधान रहना चाहिए। सत्यभामा, एक दिन मान लेती है कि मेरी सुन्दरता के कारण ही भगवान ने पत्नि के रूप मे रूखमणी के रहते स्वीकार किया है। अपने निज जन का अभिमान भगवान रखते नही इसलिए सत्यभामा जी के अभिमान दुर किया। यह भागवत कथा निषाद परिवार द्वारा आयोजित है।

## पीएम श्री अरुंधती स्कूल में अंतरिक्ष ज्ञान टीम पहुंची



**आरंग।** पीएम श्री अरुंधती देवी स्कूल आरंग में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के तहत पीएम श्री अरुंधती देवी स्कूल आरंग में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के तहत अंतरिक्ष ज्ञान अभियान अभियान की टीम पहुंची। कलेक्टर के निर्देशन मे यह कार्यक्रम चल रहा है। जिसमे उक्त टीम स्कूलों मे जाकर अंतरिक्ष ज्ञान की जानकारी देती है। इस अवसर पर विवेक शर्मा (प्रशिक्षक) एवं राजेश कुमार (सह प्रशिक्षक) ने बच्चों को अंतरिक्ष, उपग्रह, टेलिस्कोप, अंतरिक्ष यात्री आदि के विषय मे जानकारी दी। प्राचार्य हरीश शर्मा ने कहा कि बच्चों ने खूब रुचि के साथ इस कार्यक्रम मे हिस्सा लिया, यह उनके सोच को एक नई दिशा देगा। व्याख्याता पी मार्टिन मनोज शर्मा एवं युवराज मिश्रा ने कार्यक्रम के संचालन मे विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर व्याख्याता विकास पाठक, तरन्नुम अख्तर, गुंजा, वामिका फिरदौस, रोहन चंद्राकर, शिनि मैथ्यू (एच एम) कनकलता वर्मा (एच एम) आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक ने संडी स्कूल के बच्चों को दिया न्योता भोज

**आरंग।** शा.पू.मा.वि. सण्डी के शिक्षक धनंजय साहू ने अपने जन्मदिन पर बच्चो को न्योता भोज दिया। जिसमे मध्यान्ह भोजन के साथ सभी बच्चो को मिठाई, समोसा, बूंदी परोसा गया। भोजन के साथ मीठा पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल के बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक को जन्मदिवस पर बधाई व शुभकामनाए दी है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक पं. छत्रधर दीवान, सीएसी युवराम साहू, टीके कोटरे, अरुण कुमार धीवर, शिक्षिका रंजना धीवर ने धनंजय साहू को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके सुखमय मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही। शाला परिवार ने न्योता भोज हेतु शिक्षक धनंजय साहू को साधुवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया है।

### कराते से खिलाड़ियों में बढ़ता है आत्मविश्वास



**आरंग।** सेंसाई राजेश गंजीर सर की स्मृति में 4 और 5 अक्टूबर को दो दिवसीय सातवें राज्य स्तरीय ओपन कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन आमातालाब रोड स्थित इनडोर स्टेडियम धमतरी मे किया गया। इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित 8 जिलों के लगभग 350 कराते खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें जिला रायपुर आरंग ब्लॉक सरस्वती ज्ञान दीप स्कूल अग्रसेन भवन के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड 3 सिल्वर 6 ब्राउंस मेडल प्राप्त किया। गोल्ड मेडल काता, कुमीते महत्व नाथ योगी, कुमीते एंजेल वर्मा, सिल्वर मेडल काता चिराग चंदानी, परिधि राजपूत, अदिति सिंह, ब्रोंज मेडल काता, एंजेल वर्मा, आर्या श्री, योज्यता बंजारे, कुमीते चिराग चंदानी, अदिति सिंह, योज्यता बंजारे ने प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू ने खिलाड़ियों का उत्सावर्धन किया और पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान कराते डू एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी कोच अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## उद्योग को निस्तारी जमीन देने के विरोध में नारे बाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



सोमवार को समीपस्थ ग्राम पंचायत कोटा एवं चांपा के सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है की ग्राम पंचायत कोटा और चांपा में एक उद्योग स्थापित किया जा रहा है जिसका पूर्व में ग्रामीणों ने विरोध भी किया है, अब उद्योग विभाग से ग्राम कोटा में शासकीय जमीन पर निस्तारी तालाब निर्माण किया गया है जिसकी मांग की जा रही है इसी तरह ग्राम चांपा में शासकीय जमीन जो गोठान की जमीन है उसे मांग की जा रही है जिसके लिए उद्योग विभाग से भी पत्र आया है। ग्राम पंचायत चांपा की सरपंच रामकली वर्मा और कोटा के सरपंच चुरावन निषाद, दोनों गांवों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने अलग-अलग कहा कि गांव में अगर तालाब नहीं रहेगा तो वह निस्तारी के लिए कहां जाएंगे। वहीं गांव में गोठान नहीं रहेगा तो गांव के मवेशी कहां जाएंगे , इस तरह के आरोप लगाते हुए कहा गया कि उक्त शासकीय जमीनों को उद्योग को नहीं दिया जाएगा और इसका विरोध किया गया इस अवसर पर दोनों ही गांव के सरपंच गण, पंचगण एवं ग्रामीण महिला पुरुष भारी संख्या में उपस्थित हुए।

■ ग्राम पंचायत कोटा और चांपा के सरपंच एवं बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

## पेज 11 के शेष...

### बादलों के घर्षण से पैदा हो रही...

में होता है। इसके बाद मानसून की समाप्ति के दौरान सितंबर के दूसरे और अक्टूबर के पहले पखवाड़े में ऐसा माहौल बनता है। इन दिनों वातावरण में पर्याप्त मात्रा में नमी रहती है और सूरज की गर्मी भी अपना असर दिखाती है। गर्म हवा ऊपर की ओर लिफ्ट करता है और ऊपर की ठंडी हवा के मिलने के बाद भारी मात्रा में बादल बनते हैं। इन बादलों में जल और बर्फ के करोड़ों अदृश्य कण मौजूद होते हैं जो आपस में टकराते हैं। इनका घर्षण इतनी जोरदार होता है इससे भारी मात्रा में बिजली बनती है। बादलों के कुछ पैकेट पॉजिटिव और कुछ निगेटिव चार्ज के होते है और जब वे टकराते हैं तो पैदा होने वाली बिजली कड़कने वाली होती है कई बार इसका पॉवर इतना अधिक होता है कि यह वज्रपात के रूप में धरती तक पहुंच जाता है। जब बिजली कड़कती है तो आसपास की गर्म हवा से बादलों के पैकेट आपस में टकराते हैं तो भयंकर गर्जना भी होती है। लालपुर मौसम वेधशाला की विशेषज्ञ डॉ. गायत्री वाणी कंचिभोटला ने बताया कि बिजली कड़कने और बादल गरजने की यह घटना सामान्यतः हर प्री एवं पोस्ट मानसून अवधि में होती है।

### 130 करोड़ का प्रोजेक्ट, मीटर...

24 घंटे जल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं बन पाई। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है, आगामी दिसंबर तक ट्रायल एंड रन की स्थिति में होंगे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को 130 करोड़ रुपये स्मार्ट सिटी के एबीडी एरियाा में शामिल 15 वार्डो में 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने अनुबंध किया है। मार्च 2022 में इस प्रोजेक्ट के लिए चयनित कंपनी के साथ अनुबंध किया गया। अनुबंध की शर्त के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी को 31 मार्च 2024 तक यह कार्य पूरा करना था, पर ठेका एजेंसी निर्धारित समय में टारगेट पूरा नहीं कर सकी। माइल स्टोन के अनुरूप कार्य नहीं होने पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने संबंधित एजेंसी पर 15 लाख की पेनाल्टी भी लगाई है। मोतीबाग और गंज मंडी पानी टंकी को कमांड सेंटर मानते हुए लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन ने शुरूआत में अनुबंध की शर्त अनुसार 160 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई, पर बाद में लंबाई बढ़ने के बाद यह दायरा 180 किलोमीटर तक लिया गया। पुरानी टंकी से पानी सप्लाई के चालू हालत में पाइप लाइन टेस्टिंग और कमिश्निंग के कार्य में दिक्कत हुई। यही नहीं, स्कॉडा सिस्टम लागू करने और नए कनेक्शन देने के कार्य में भी काफी समय लगा।

### कस्टम मिलिंग घोटाला, टूटेजा...

रुपए प्राप्त किया है। राइस मिलरों से अवैध वसूली करने के लिए मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाया जाता था, जिससे कि राइस मिलर दबाव में आकर 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अवैध धनराशि देते थे।

### शराब घोटाला, चैतन्य बघेल न्यायिक रिमांड...

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को 3 महीने और ईओडब्लू को दो महीने के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। चैतन्य की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर अभियोजन पक्ष के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वसन दिया है कि 3 महीने में जांच पूरी कर ली जाएगी।

### भू-माफिया के हौसले बुलंद, कार्रवाई के...

पीछे अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान राजस्व टीम ने एक-दो जगह की दीवार गिराने के साथ यहां बनाई गई नालियों को भी कई जगह से क्षतिग्रस्त किया था। इसके अलावा इस अवैध प्लाटिंग स्थल पर ठेकेदारों की गाड़ी, मशीन प्रवेश नहीं कर सके, इसके लिए मेन रोड से लगे प्रवेश स्थल के पास गड्ढा करवाया था, साथ ही यहां मजदूरों के लिए बनाई गई झोपड़ियों को भी हटाने की कार्रवाई की गई थी। इन तमाम कार्रवाई के साथ संबंधित ठेकेदार महेंद्र बंजारे को चेतावनी भी दी गई थी, बिना अनुमति के वे किसी भी प्रकार का कार्य यहां नहीं कराएंगे।

## विधायक के प्रयासों से अपूर्ण कार्यों के लिए मिली 63 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

विजयादशमी के अवसर पर धरसींवा विधानसभा के क्षेत्रवासियो को विधायक अनुज शर्मा ने 62.61 लाख रुपए के विकास कार्यों का दिया सौगात है जिसमें कचना में अपूर्ण मंगल भवन को पूर्ण करने हेतु लागत राशि 30 लाख रुपये,, आमासिवनी रामजानकी मंदिर के पास अपूर्ण भवन को पूर्ण करने हेतु लागत राशि 3.26 लाख रू. और आमासिवनी बाजार में शेड एवं चबुतरा निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 29.35 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस सौगात के लिए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। धरसींवा विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहें है। उनके प्रयासों से अब क्षेत्र के सभी अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे, सौंदर्यीकरण से लेकर आम जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली, पुल-पुलिया, भवन निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्क लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए धरसींवा विधानसभा में करोड़ों के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। विधायक अनुज ने कहा कि धरसींवा क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए विजयादशमी के अवसर पर 62.61 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। धरसींवा विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे तथा जो कार्य अपूर्ण थे वो सभी कार्य अब पूर्ण होंगे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं।

आम जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। कई विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कई विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है और विकास कार्य धरातल पर दिख रहें हैं जिससे जनता में भी एक नया आत्मविश्वास दिख रहा है।

## खबर संक्षेप



### जुलूस-ए-गौसिया का सीरत कमेटी ने किया भव्य स्वागत

रायपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस-ए-गौसिया का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। जुलूस का आगाज बैजनाथ पारा चौक से दोपहर 4 बजे हुआ, जिसका एवरग्रीन चौक पर शहर सीरत-उन-नबी कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न मोहल्लों से निकले जुलूस मेहबूबिया चौक पर एकत्र हुए, जहां से संयुक्त रूप से आगे बढ़ते हुए जुलूस ने शहरभर में अमन और भाईचारे का संदेश दिया। जुलूस में शामिल मस्जिदों के इमामों का स्वागत शहर सीरत-उन-नबी कमेटी के सदर जनाब मोहम्मद सोहेल सेठी की अध्यक्षता में पुष्पमाला पहनाकर किया गया। मंच से जुलूस में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा की गई और उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर शेख शकील, अब्दुल नादिर खान, मोहम्मद साहबुद्दीन, सिराज भाई, फहीम अंसारी, अब्दुल नादिर खान, शेख शकील, नूरा भाई, नासिर खान आदि उपस्थित रहे।

## निधन



### हरेश बडवानी

रायपुर। फाफाडीह निवासी हरेश बडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अंजेय बडवानी के पिता और अनिल, विजय, दिनेश बडवानी के भाई थे।



### संजय नागदेव

रायपुर। तेलीबांधा निवासी संजय नागदेव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील नागदेव, प्रकाश, राकेश वाधवा के भाई थे।



### खिलावन टंडन

रायपुर। ग्राम नरदहा निवासी खिलावन टंडन का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को गृहग्राम में किया जाएगा। वे संतोष टंडन के पिता और अनिल टंडन, रोशन टंडन के बड़े भाई थे।

# देश के 113 विवि ऑफर कर सकेंगे ऑनलाइन कोर्स, इनमें छग से एक भी नहीं

## सत्र 2025-26 में ओपन और डिस्टेंस लर्निंग के लिए यूजीसी ने जारी की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 15 अक्टूबर तक जमा किए जा सकेंगे एडमिशन डेटा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों की सूची जारी की है जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ओपन और डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम्स प्रदान करेंगे। इस सूची के अनुसार, 101 विश्वविद्यालय और 20 कैटेगरी-1 संस्थान ओडीएल प्रोग्राम्स की पेशकश करेंगे। इन प्रोग्राम्स की कक्षाएं माहांत से शुरू होंगी। यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों की जो सूची जारी की गई हैं, उनमें छत्तीसगढ़ से एक भी विवि को जगह नहीं मिल सकी है। ऑनलाइन प्रोग्राम के अलावा 113 विश्वविद्यालय ऑनलाइन कोर्स ऑफर करेंगे और 13 संस्थान ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम्स प्रदान करेंगे। छात्रों को ऑनलाइन या डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम्स में प्रवेश लेने और एडमिशन डेटा जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है।

यूजीसी ने यह भी कहा है कि सभी संस्थानों ने शपथ-पत्र जमा किए हैं। इसमें कहा गया है कि यदि बाद में यह पाया जाता है कि संस्थान द्वारा दी गई जानकारी, दस्तावेज या प्रमाण गलत या असत्य हैं, या अगर यूजीसी के ऑनलाइन प्रोग्राम और कोर्स संबंधित नियमों का उल्लंघन होता है, तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी संस्थान की होगी। इसमें छात्रों के कॅरियर पर पड़ने वाले प्रभाव भी शामिल हैं।

### फ्रेंचाइजी व्यवस्था अमान्य

ओडीएल प्रोग्राम्स के लिए विश्वविद्यालयों को टेरिटोरियल जुरिस्डिक्शन और लर्नर सपोर्ट सेंटर्स की नीति का पालन करना अनिवार्य है। इसके अलावा, संस्थानों को प्रवेश योग्यता, प्रवेश प्रक्रिया, प्रोग्राम की अवधि (न्यूनतम और अधिकतम) और क्रेडिट्स की संख्या जैसी चीजों का पालन करना होगा। यूजीसी नियमों के अनुसार, ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले विवि किसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था के तहत ऑनलाइन प्रोग्राम्स नहीं चला सकते। इन प्रोग्राम्स का पूर्ण स्वामित्व संस्थान के पास होना अनिवार्य है।



### एआईसीटीई से मंजूरी अनिवार्य

केंद्रीय, राज्य या निजी विश्वविद्यालयों को पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है, वहीं डीम्ड विश्वविद्यालयों को प्रबंधन, कंप्यूटर एप्लीकेशन और ट्रैवल व टूरिज्म के अंतर्गत आने वाले अंडरग्रेज्यूएट, पोस्टग्रेज्यूएट और पोस्टग्रेज्यूएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स ऑनलाइन मोड में ऑफर करने के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन से एनओसी लेना आवश्यक है। ऑनलाइन पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले विश्वविद्यालयों के लिए यूजीसी ने कैटेगरी निर्धारित की है। कैटेगरी-1 संस्थानों के लिए यूजीसी ने कहा है कि उन्हें ऑनलाइन प्रोग्राम्स पेश करने का अधिकार तब तक रहेगा जब तक वे कैटेगरी-1 लिस्टेड हैं। यदि कोई संस्थान अपनी कैटेगरी-1 स्थिति खो देता है, तो उसे ये प्रोग्राम्स बंद कर देने होंगे और यूजीसी को सूचित करना होगा। पहले से नामांकित छात्र प्रोग्राम पूरा कर सकते हैं।

## न अमृत काम आया न 24 घंटे पानी आपूर्ति का प्रोजेक्ट

# किराए के पानी टैंकर में खप गए 2 करोड़ टैंकर मुक्त शहर का दावा खोखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किराये के पानी टैंकर में इस बार निगम को 2 करोड़ का फटका लगा है, पिछले साल किराये के पानी टैंकर का खर्च 1 करोड़ 64 लाख रुपए था। यानी इस बार 36 लाख रुपये पानी टैंकर का बिल ज्यादा बना। ये स्थिति इसलिए निर्मित हुई, क्योंकि गर्मी के सीजन में शहर में नगर निगम द्वारा निर्मित पीएम आवासीय परिसर, हाउसिंग बोर्ड से हैंडओवर ली गई कालोनियों और रायपुर विकास प्राधिकरण की जल संकट प्रभावित कालोनियों में नगर निगम को लोगों की प्यास बुझाने किराये के पानी टैंकर भेजना पड़ा।

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दस जोन में से शहर के 3 जोन ऐसे रहे जहां सबसे ज्यादा किराये के पानी टैंकर पर खर्च हुआ है। इनमें मोवा स्थित जोन 9 कमिश्नरी इलाका शामिल है जिसके अंतर्गत लभांडी, कचना, मोवा, सड्डू के जलसंकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था की गई। इसी तरह परसुलीडीह के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जोन 9 द्वारा पानी टैंकर भेजकर प्रभावित इलाकों में लोगों के लिए पेयजल व्यवस्था बनाई गई।

इसके अलावा महोबाबाजार स्थित जोन 8 और ईदगाहभाठा पानी टंकी के पास स्थित जोन 5 के जल संकट प्रभावित इलाकों में भी किराये के पानी टैंकर की डिमांड रही। सूत्रों के मुताबिक शहर से लगे आउटर इलाके में स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासीय परिसर और ज्यादातर बीएसयूपी साइट बोरवेल भरोसे हैं, जहां तेज गर्मी की स्थिति में बोरवेल सूखने के कारण पानी आपूर्ति टैंकर से कराने की स्थिति निर्मित हुई। यहां किराये के पानी टैंकर भेजा गया।



### 600 करोड़ पेयजल योजना पर खर्च, फिर भी टैंकर भरोसे शहर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो को टैंकर मुक्त कराने का दावा एक बार फिर फिस्स हो गया। जबकि नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अमृत मिशन और 24 जल आपूर्ति योजना के नाम पर 600 करोड़ रुपए खर्च कर दिये गये इसके बाद भी लोगों तक पर्याप्त मात्रा पीने का साफ पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### अमृत मिशन पर एक नजर

- पेयजल योजना पर 450 करोड़ खर्च
- शहर में 850 किलोमीटर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइप लाइन बिछाई गई।
- 20 वार्ड इसमें पूरी तरह कवर किया गया, 25 वार्ड ऐसे रहे जिसमें आंशिक क्षेत्र इस योजना में लिया गया।
- अमृत मिशन योजना के तहत शहर में 14 नई पानी टंकियों का निर्माण हुआ।
- जलशुद्धिकरण के लिए 80 एमएलडी का नया संयंत्र लगाया गया।
- राइजिंग लाइन बिछाई गई, योजना के तहत 50 से 60 हजार घरों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाए गए। इसमें से सैकड़ों वाटर मीटर टिकरापारा क्षेत्र और टैगोर नगर इलाके से चोरी हो गए। जहां घरों के बाहर लगाए गए वाटर मीटर की जगह प्लास्टिक के खाली खांचे लटक रहे हैं। लोगों ने इसकी शिकायत जोन और निगम मुख्यालय में की।

# सिर्फ 8 हजार छात्रों ने भरा प्राइवेट फॉर्म तो दुखी रविवि ने बढ़ाई तिथि, फटकार के बाद पोर्टल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 6 अक्टूबर को बंद होना था प्राइवेट छात्रों का पंजीयन, एक दिन पहले ही पोर्टल ठप

प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि के बाद बगैर सूचना रविवि ने खुद ही पोर्टल बंद कर दिया। परेशान छात्र पूरे दिन पोर्टल पर जाकर आवेदन करने की कोशिश करते रहे। उनके द्वारा विवि प्रबंधन से भी संपर्क किया गया, लेकिन कोई जवाब छात्रों को नहीं मिला।

दरअसल, प्राइवेट छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई थी। तय तिथि तक रविवि को प्राइवेट छात्रों के सिर्फ 8 हजार आवेदन ही मिले। अन्य वर्षों में यह संख्या 30 हजार के करीब होती है। कम आवेदन संख्या को देखते हुए रविवि ने छात्रों को एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने निर्णय लिया और 6 अक्टूबर अंतिम तिथि तय कर दी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, तय शेड्यूल के विपरित जाकर तिथि बढ़ाए जाने को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नाराजगी जाहिर की गई। इसक बाद विवि प्रबंधन द्वारा बगैर सूचना 5 अक्टूबर को ही आवेदन पोर्टल बंद कर दिया गया। चूंकि छात्रों को इसकी जानकारी नहीं थी, इसलिए वे 5 और 6 अक्टूबर को आवेदन के लिए भटकते रहे।

### नियमित उपस्थिति ने घटाई संख्या

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद से ही प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या घटी है। पूर्व में प्राइवेट परीक्षार्थी केवल परीक्षा दिलाने ही जाते थे। नए नियमों के मुताबिक, प्राइवेट छात्रों के लिए भी निर्धारित अवधि की कक्षाएं पूर्ण करना अनिवार्य है। ये अवधि 45 दिन अथवा कोर्स पूर्ण होने तक महाविद्यालय अपने अनुसार निर्धारित करते हैं।इसके अलावा असाइनमेंट जमा करने से लेकर आंतरिक मूल्यांकन भी प्राइवेट छात्रों के लिए जरूरी है। प्राइवेट परीक्षा फॉर्म उन छात्रों द्वारा ही भरे जाते हैं, जो नौकरीपेशा होते हैं अथवा समय का अभाव होता है। ऐसे में स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी कक्षाओं की अनिवार्यता ने संख्या घटा दी है।

### इसलिए नाराज हुआ उच्च शिक्षा विभाग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा पद्धति को सेमेस्टर पद्धति में बदला गया है। वर्ष में 6-6 माह के अंतराल में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं के पूर्व आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट संबंधित कार्य भी महाविद्यालयों को पूर्ण करने होते हैं। तय समय पर आवेदन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण नहीं होने पर विभाग शेड्यूल से पिछड़ जाता है।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ इंडिया में 'हिंदी माह' एवं 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का भव्य समापन




रायपुर। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'हिंदी माह' एवं 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का समापन समारोह उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इन आयोजनों का उद्देश्य कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना और कार्य संस्कृति में पारदर्शिता व नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। समारोह में निबंध लेखन, कविता वाचन, ई-मेल लेखन आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने साइबर अपराधों पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। सतर्कता विभाग के उप महाप्रबंधक कमलेश माहेश्वरी ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति की पहचान है और सतर्कता हमें ईमानदार कार्य प्रणाली की ओर ले जाती है। आंचलिक प्रबंधक गायत्री कम्पा सहित अन्य अधिकारीगणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित



रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में सोमवार को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में राजभाषा संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजभाषा अधिकारी राहुल कुमार प्रसाद के भाषण से हुई। समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं भारत सरकार के गृह मंत्री के संदेशों का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गिरजाशंकर गौतम, हिन्दी विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने हिन्दी के बढ़ते प्रभाव पर विचार रखे। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव ने हिन्दी में बैंकिंग कार्य को सराहा और बताया कि रायपुर क्षेत्र को नराकास, रायपुर द्वारा वर्ष 2024-25 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

### निराकार हॉस्पिटल में स्तन कैंसर का सफल ऑपरेशन, 1 किलो ट्यूमर निकाला गया



रायपुर। निराकार मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर में स्तन कैंसर से पीड़ित एक महिला का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसमें करीब 1 किलो वजन का ट्यूमर निकाला गया। यह जटिल सर्जरी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एलके निर्मलकर के मार्गदर्शन में, सर्जन डॉ. एम. दुवारे, डॉ. ए. गुप्ता और डॉ. गोविंदा पाल की टीम द्वारा की गई। डॉ. दुवारे ने बताया कि यह ऑपरेशन चिकित्सकीय दृष्टि से काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सटीक निदान और टीम वर्क से मरीज को नई ज़िंदगी दी जा सकी। डॉ. ए. गुप्ता ने स्तन कैंसर की समय पर जांच को जरूरी बताया। अस्पताल प्रबंधन ने इस सफलता को चिकित्सा उत्कृष्टता और मानवीय सेवा का उदाहरण बताया है। यह उपलब्धि समाज के लिए संदेश है कि कैंसर का समय पर इलाज संभव है, डरें नहीं जांच कराएं।

### गुरुदेव मोबाइल का 'दिवाली धमाका ऑफर', हर खरीद पर 33 गिफ्ट्स



रायपुर। संतोषी नगर के तरुण सब्जी मार्केट के सामने स्थित गुरुदेव मोबाइल ने अपने ग्राहकों के लिए 'दिवाली धमाका ऑफर' की पेशकश की है। इस खास ऑफर के तहत हर मोबाइल की खरीद पर ग्राहकों को 33 गिफ्ट्स मिल सकते हैं, साथ ही लकी ड्रॉ भी आयोजित किया जा रहा है। इस लकी ड्रॉ में भाग लेकर ग्राहक आकर्षक और बेशकीमती पुरस्कार जीत सकते हैं। पहले पुरस्कार के रूप में होंडा एक्टिवा, दूसरे में दो ईवी स्कूटर, तीसरे में 10 गोल्ड कॉइन रखा गया है। इसके अलावा इंडक्शन चूल्हा, ट्रॉली बैग और एलईडी टीवी जैसे उपयोगी उपहार भी शामिल हैं। गुरुदेव मोबाइल हमेशा से अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा और बेहतरीन डील्स देने के लिए जाना जाता है, और इस बार का त्योहारी ऑफर इसे एक कदम आगे ले जाता है। ऑफर सीमित समय के लिए मान्य है, इसलिए ज्यादा देर न करें।

# अशोका हॉस्पिटल पर 50 हजार जुर्माना, वेस्ट पाइप लाइन टूटी मिली, दूषित जल का रिसाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम ने पंडरी स्थित अशोका हॉस्पिटल पर बड़ी कार्रवाई की है। दूषित जल के रिसाव से संबंधित जन शिकायत सही मिलने पर और वेस्ट पाइप लाइन टूटी पाए जाने पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जन शिकायत पर औचक निरीक्षण के बाद शिकायत सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

दरअसल, निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जन शिकायतों की वस्तुस्थिति जानने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी, निगम मुख्यालय स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी सहित विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान हास्पीटल की वेस्ट पाइप लाइन टूटी मिली, पाइप लाइन से हास्पीटल के दूषित जल का रिसाव होना पाया गया।

इस दौरान दूषित जल के रिसाव से प्रदूषण और संक्रमण की आशंका को देखते हुए निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने पंडरी के अशोका हास्पीटल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए 50 हजार रुपए जुर्माना किया।

# तिथि में वृद्धि, लेकिन असाइनमेंट जमा करने वाले विद्यार्थी ही भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 6 अक्टूबर थी अंतिम तिथि, अब 20 तक भरे जा सकेंगे परीक्षा फॉर्म

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन प्रोग्राम्स के दिसंबर 2025 टर्म एंड एग्जामिनेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 20 अक्टूबर तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके पूर्व छात्रों को 6 अक्टूबर तक फॉर्म भरने की छूट दी गई थी।

उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार, जो उम्मीदवार समय सीमा से पहले आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे 21 से 26 अक्टूबर तक 1100 रुपए के विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी।

पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। ऑब्जेक्टिव और डिस्क्रिप्टिव पेपर की जानकारी भी इग्नू द्वारा साझा की गई है। इग्नू ने बताया है कि कुछ विषयों की परीक्षा ऑब्जेक्टिव पैटर्न में होगी। इनमें जो विषय शामिल हैं, उनकी सूची अपलोड कर दी गई है, ताकि विद्यार्थी इसके अनुसार तैयारी कर सकें।



### दिया गया अतिरिक्त मौका

परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को कोर्स के अनुसार निर्धारित समय सीमा में आवश्यक असाइनमेंट जमा किए हो। असाइनमेंट जमा करने के लिए विवि द्वारा पहले ही तिथि में वृद्धि की जा चुकी है। छात्र अब 31 अक्टूबर तक असाइनमेंट जमा कर सकेंगे। कार्यक्रम के प्रावधानों के अनुसार न्यूनतम अध्ययन अवधि पूरी की हो। इग्नू ने यह स्पष्ट किया है कि परीक्षा की तिथि या शिफ्ट के टकराव से जुड़ी शिकायतों पर कुछ स्थितियों में विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई कोर्स एक ही समूह में शामिल है, तो उसकी परीक्षा उसी दिन और समय पर होगी, इसलिए ऐसे मामलों में टकराव मान्य नहीं होगा। इसी तरह, यदि कोई कोर्स बैकलॉग यानी पिछले वर्षों का है, तो उसे भी टकराव की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसके अलावा, अलग-अलग प्रोग्राम्स के कोर्स या एमपी प्रोग्राम्स के तहत विभिन्न स्पेशलाइजेशन वाले कोर्स के बीच परीक्षा समय का मेल नहीं बैठने की स्थिति में भी विश्वविद्यालय कोई बदलाव नहीं करेगा।

### राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय



रायपुर। सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय मछुआरा जागरूकता सम्मेलन का समापन रविवार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मछुआरा समाज के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना है। इसमें मछुआरों को बीज एवं तालाब निर्माण के लिए 60% तक सब्सिडी शासन द्वारा दी जाती है। समाज को अपने विकास के लिए चाहिए कि इस योजना का समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाएं। कार्यक्रम में विलंब से पहुंचे छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मछली पालन विभाग मेरे मंत्रालय के अंतर्गत है, मछुआरा समुदाय की जो भी समस्याएं मेरे समक्ष आएंगी, उसे हल करने के लिए में हरसंभव प्रयास करूंगा। इसी दौरान राष्ट्रीय मछुवारा संघ के प्रदेशाध्यक्ष गायत्री गायग्वाल ने मछुवारा समाज के विभिन्न समस्याओं पर व समाज की लंबित मांगों पर विस्तृत भाषण मुख्यमंत्री श्री साय के सामने रखी।

### बादलों के घर्षण से पैदा...

में होता है। इसके बाद मानसून की समाप्ति के दौरान सितंबर के दूसरे और अक्टूबर के पहले पखवाड़े में ऐसा माहौल बनता है। इन दिनों वातावरण में पर्याप्त मात्रा में नमी रहती है और सूरज की गर्मी भी अपना असर दिखाती है। गर्म हवा ऊपर की ओर लिफ्ट करता है और ऊपर की ठंडी हवा के मिलने के बाद भारी मात्रा में बादल बनते हैं। इन बादलों में जल और बर्फ के करोड़ों अदृश्य कण मौजूद होते हैं जो आपस में टकराते हैं। इनका घर्षण इतनी जोरदार होता है इससे भारी मात्रा में बिजली बनती है। बादलों के कुछ पैकेट पॉजिटिव और कुछ निगेटिव चार्ज के होते है और जब वे टकराते हैं तो पैदा होने वाली बिजली कड़कने वाली होती है कई बार इसका पॉवर इतना अधिक होता है कि यह वज्रपात के रूप में धरती तक पहुंच जाता है। जब बिजली कड़कती है तो आसपास की गर्म हवा से बादलों के पैकेट आपस में टकराते हैं तो भयंकर गर्जना भी होती है। लालपुर मौसम वेधशाला की विशेषज्ञ डॉ. गायत्री वाणी कंचिभोटला ने बताया कि बिजली कड़कने और बादल गरजने की यह घटना सामान्यतः हर प्री एवं पोस्ट मानसून अवधि में होती है।

### 130 करोड़ का ..

24 घंटे जल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं बन पाई। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है, आगामी दिसंबर तक ट्रायल एंड रन की स्थिति में होंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को 130 करोड़ रुपये स्मार्ट सिटी के एबीडी एरियाा में शामिल 15 वार्डो में 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने अनुबंध किया है। मार्च 2022 में इस प्रोजेक्ट के लिए चयनित कंपनी के साथ अनुबंध किया गया। अनुबंध की शर्त के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी को 31 मार्च 2024 तक यह कार्य पूरा करना था, पर ठेका एजेंसी निर्धारित समय में टारगेट पूरा नहीं कर सकी। माइल स्टोन के अनुरूप कार्य नहीं होने पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने संबंधित एजेंसी पर 15 लाख की पेनाल्टी भी लगाई है। मोतीबाग और गंज मंडी पानी टंकी को कमांड सेंटर मानते हुए लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन ने शुरूआत में अनुबंध की शर्त अनुसार 160 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई, पर बाद में लंबाई बढ़ने के बाद यह दायरा 180 किलोमीटर तक लिया गया। पुरानी टंकी से पानी सप्लाई के चालू हालत में पाइप लाइन टेस्टिंग और कमिश्निंग के कार्य में दिक्कत हुई। यही नहीं, स्कॉडा सिस्टम लागू करने और नए कनेक्शन देने के कार्य में भी काफी समय लगा।

## पेज 11 के शेष ...

### कस्टम मिलिंग घोटाला ...

रुपए प्राप्त किया है। राइस मिलरों से अवैध वसूली करने के लिए मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाया जाता था, जिससे कि राइस मिलर दबाव में आकर 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अवैध धनराशि देते थे।

### शराब घोटाणला, चैतन्य ...

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को 3 महीने और ईओडब्लू को दो महीने के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। चैतन्य की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर अभियोजन पक्ष के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वसन दिया है कि 3 महीने में जांच पूरी कर ली जाएगी।

### भू-माफिया के हौसले ...

पीछे अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान राजस्व टीम ने एक-दो जगह की दीवार गिराने के साथ यहां बनाई गई नालियों को भी कई जगह से क्षतिग्रस्त किया था। इसके अलावा इस अवैध प्लाटिंग स्थल पर ठेकेदारों की गाड़ी, मशीन प्रवेश नहीं कर सके, इसके लिए मेन रोड से लगे प्रवेश स्थल के पास गड्ढा करवाया था, साथ ही यहां मजदूरों के लिए बनाई गई झोपड़ियों को भी हटाने की कार्रवाई की गई थी। इन तमाम कार्रवाई के साथ संबंधित ठेकेदार महेंद्र बंजारे को चेतावनी भी दी गई थी, बिना अनुमति के वे किसी भी प्रकार का कार्य यहां नहीं कराएंगे।

## खबर संक्षेप



### बुढ़ापारा हनुमान मंदिर में किया प्रसाद वितरण

**रायपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुढ़ापारा स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार को प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही ब्राह्मण को भोज कराया गया और अनुदान दक्षिण दिया गया। यह जानकारी मंदिर के वर्तमान महान राजेश शर्मा ने देते हुए बताया कि सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### विश्व सेलेब्रल पाल्सी दिवस मनाया



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट धरसींवा केंद्र में सोमवार को विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों ने सेरेब्रल पाल्सी के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं इलाज के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विशेष शिक्षक प्रेरणा वर्मा ने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी एक ऐसे डिसऑर्डर का समूह है, जिसके प्रभावित व्यक्ति की गतिशीलता करने की योग्यता, मुद्रा (आसन), संतुलन को प्रभावित करता है, जिसके कारण मांसपेशियों को नियंत्रित करने तथा चलने-फिरने में समस्या होती है। इस अवसर पर आकाश सोनकर, शहजादी बेगम शेख, दुर्गा मिश्रा, पूजा साहू, ममता साहू, सविता यादव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### हॉस्पिटल के पास डाला मलबा, लगाया ई-जुर्माना

**रायपुर।** जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेरिटेज हॉस्पिटल के पास ट्रैक्टर ट्राली से कचरा मलबा डालकर गन्दगी फैलाते पाए जाने पर संबंधित नागरिक निजाम खान पर 2000 रुपए का ई जुर्माना किया। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसी गलती न दोहराया जाए।

### पेड़ों की अवैध कटाई के विरोध में करेंगे हड़ताल

**रायपुर।** एक तरफ ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है, प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम लगवा रहे हैं, वहीं कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे में लौह अयस्क खदान में 5000 पेड़ों को बिना अनुमति के ही काटकर गायब किया गया है। यह जानकारी सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे छत्तीसगढ़ के डॉ. आनंद मल्होत्रा और चंद्रमौली मिश्रा ने दी। आरोप लगाया कि एक उद्योगपति द्वारा पांच हजार से ज्यादा पेड़ों को वन विभाग की अनुमति के बिना कटवाने के बाद गायब किया गया है। जांच में इसका खुलासा भी हुआ है। कंपनी मालिक पर अगर दीपावली तक कार्रवाई नहीं की गई, तो त्योहार के बाद स्थानीय लोग फैक्ट्री के सामने ही हड़ताल करेंगे।

### वार्ड ब्वॉय भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड ब्वॉय और वार्ड आया भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। परीक्षा 12 अक्टूबर को दस जिलों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को लिंक भी प्रेषित कर दिया गया है, जिसके माध्यम से प्रवेशपत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### एनएसयूआई आज घेरेगा गृहमंत्री आवास

**रायपुर।** प्रदेश में बढ़ते अपराध, फैलती नशाखोरी व छात्रनेताओं पर एफआईआर के विरोध में एनएसयूआई मंगलवार को गृहमंत्री आवास का घेराव करेगी। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी इस प्रदर्शन में हिस्सा लेने आज रायपुर पहुंचेंगे। घेराव से पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक और 'वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान' भी आयोजित किया जाएगा। कार्यकर्ता गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन से रैली निकालकर ओसीएम चौक होते हुए गृह मंत्री निवास तक मार्च करेंगे। घेराव शाम 4 बजे से शुरू होगा।

# कार्डियक सर्जरी विभाग को लगी बीमारी, महीनेभर बाद नहीं हुआ मासूम शांभवी का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जरूरी सामान नहीं मिलने की वजह राज्य के एकमात्र हार्ट सेंटर के कार्डियक सर्जरी विभाग में मरीजों का ऑपरेशन अटका हुआ है। महीनेभर पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भोपालपट्टनम की जिस बच्ची को भरोसा दिलाया था उसका महीनेभर बीतने के बाद भी इलाज नहीं हुआ है। यहां अन्य मरीजों की ओपन हार्ट, बाईपास सहित अन्य तरह की तमाम बड़े ऑपरेशन अटके हुए हैं। यहां आने वाले सर्जरी के जरूरत वाले मरीजों को केवल ओपीडी जांच की सुविधा मिल रही है।

जानकारी के अनुसार भुगतान अटकने और पुराने दर पर हृदय के ऑपरेशन में लगने वाले जरूरी सामान देने से वेंडर ने इंकार कर दिया है। इसकी वजह से अगस्त महीने से एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियक सर्जरी विभाग में ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। यहां सर्जरी के लिए जरूरी विशेषज्ञ के साथ अन्य टेक्निकल स्टाफ तो है मगर सामान नहीं है। ले-देकर होने वाले इंतजाम के तहत छोटी-मोटे ऑपरेशन और ओपीडी के माध्यम से इलाज किया जा रहा है। बाइपास, ओपन हार्ट सर्जरी के साथ वॉल्व रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया यहां ठप पड़ी हुई जिसके कारण आने वाले मरीजों को यहां से निराश होकर लौटना पड़ता है।

विभागीय स्तर पर जरूरी संसाधन जुटाने गंभीरता नहीं दिखाने की वजह उस मासूम बच्ची का ऑपरेशन भी पूरा नहीं हो पा रहा है जिसके पूरे इलाज का भरोसा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिलाया था। बीजापुर के भोपालपट्नम में रहने वाले गुरला परिवार मदद की आस में इलाज के लिए उनके पास आया था। मंत्री जायसवाल ने पूरा इलाज कराने का विश्वास दिलाकर उसे एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट भेजा था। बच्ची की जांच और दवा देकर उसे वापस गांव भेजा गया और महीना बीतने के बाद भी उसे वापस नहीं बुलाया गया।

#### पहले स्टाफ, अब संसाधन का रोना

पूर्व में इस विभाग में आने वाले मरीजों के समुचित इलाज में विशेषज्ञ और अन्य तकनीकी स्टाफ का रोना था। काफी कोशिशों के बाद विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई। कुछ दिन तक व्यवस्था सामान्य चलने के बाद ऑपरेशन में लगने वाले जरूरी सामानों की किल्लत होने लगी। अस्पताल प्रबंधन इस समस्या के समाधान की काफी कोशिश कर रहा है मगर सफलता नहीं मिल पाई है।




- भोपालपट्नम से आए परिवार को स्वास्थ्य मंत्री ने दिलाया था संपूर्ण इलाज का भरोसा
- अगस्त से बंद पड़ी ओपन हार्ट सहित तमाम तरीके की सर्जरी, ओपीडी से चल रहा काम

#### निजी अस्पतालों में बड़ा खर्च

निजी अस्पतालों में हृदय की बीमारी के इलाज के लिए बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। वहीं शासकीय स्तर पर एम्स में इलाज के लिए मरीजों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में हृदय से संबंधित बीमारी का इलाज लोगों को बड़ी राहत देता है। राज्य के एकमात्र शासकीय संस्थान में उपचार की इस बड़ी सुविधा में व्यवधान आना मरीजों के लिए बड़ी दिक्कत बन रहा है।

### कईयों को नहीं मिला उचित मुआवजा

# संभाग आयुक्त की चारों समितियों ने सौंपी रिपोर्ट जांच में कई किसानों की आपत्तियां सही मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर और धमतरी जिले की भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाले पर संभाग आयुक्त द्वारा दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए गठित की गई चार समितियों ने आखिरकार जांच पूरी कर ली। सभी समितियों ने अपनी जांच रिपोर्ट संभाग आयुक्त को सौंप दी है, जिसके बाद चारों रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

सूत्रों के अनुसार कुछ समितियों की रिपोर्ट में किसानों ने जो दावा-आपत्तियां लगाई थी, वह सही पाई गई है। इसके तहत कई किसानों को अधिग्रहित भूमि के एवज में उचित मुआवजा नहीं मिला हैं, वहीं कुछ किसान ऐसे भी हैं जिनकी भूमि अधिग्रहण तो की गई है, लेकिन एनएचएआई की सूची में प्रभावित किसानों के नाम एवं उसकी भूमि का उल्लेख तक नहीं है। इधर जांच समितियों के अफसरों से लेकर संभाग आयुक्त ने जांच रिपोर्ट को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है।

#### कुछ मामले ऐसे भी अधिग्रहण के बाद भी सूची में किसानों के नाम-भूमि का उल्लेख नहीं


भारतमाला घोटाले की जांच आधी-अधूरी, जांच समितियों को कमिश्नर का अल्टीमेटम

जांच के बिंदु में, पटवारी के साथ मौके पर जाना जरूरी, नहीं जा रहे अफसर

संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने दावा-आपत्तियों के निराकरण के गठित की हैं चार समितियां

अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

तीन माह में एक समिति ने पेश की अधूरी रिपोर्ट, कमिश्नर ने लौटाई

जिस किसान की जमीन अधिग्रहित उसे मुआवजा ही नहीं मिला

#### 40 ग्रामों से आई है दावा-आपत्तियां

आयुक्त संभाग कार्यालय में रायपुर और धमतरी जिले के लगभग 40 ग्रामों से लोगों ने दावा-आपत्तियां की हैं। इनमें पचेड़ा, भेलवाडीह, कुरूं, झांकी, बिरोड़ा, टेकारी, उगेतरा, नायकबांधा, पारागांव, उरला, मोतियाडीह, सरसदा, आरंग, अभनपुर, सारंगी, बासवाही, चरौदा, निसदा, गोइंदा, अकोलीकला, भिलाई, सिवनीकला, कुरुद, उमरदा, सिर्री, सरगी, चिवरी, भरदा सहित इन गांवों के आसपास क्षेत्र के प्रभावित अन्य गांव शामिल है।

#### शासन को भेजी गई रिपोर्ट

नवरात्रि के पहले तक तीन समितियों की रिपोर्ट आ चुकी थी। अब चौथी समिति की रिपोर्ट भी आ गई है। चारों रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।
**- महादेव कावरे,** संभागायुक्त, रायपुर

#### जांच के लिए तय किए गए है बिंदु

*संभाग आयुक्त ने भारत माला घोटाला में प्रभावित किसानों को मुआवजा को लेकर दावा-आपत्तियां मंगाई गई थी। इन दावा-आपत्तियों की जांच के लिए विभिन्न बिंदु जैसे आपत्तिकर्ता किसानों के बयान, संबंधित क्षेत्र के पटवारी का बयान, स्पॉट मुआयना, अधिग्रहित भूमि संबंधी दस्तावेजों की जांच आदि तय किए गए थे। समितियों ने इन सभी बिंदुओं के आधार पर जांच की है या नहीं। यह एक बड़ा सवाल है, क्योंकि जांच रिपोर्ट तैयार करने में समितियों ने बड़ी लापरवाही बरती है। समितियों ने एक महीने की जगह जांच में तीन महीने लगा दिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार कुछ समितियों के अफसरों ने तो दफ्तर में बैठे-बैठे जांच पूरी करा ली। ये अफसर बगैर फिल्ड में निकले समिति के अन्य सदस्यों के माध्यम से इसकी जांच करा लिए हैं। ऐसी ही एक रिपोर्ट पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी भी जताई थी, क्योंकि उस रिपोर्ट में सभी बिंदुओं पर जांच ही नहीं हुई थी। इसके कारण आयुक्त को उक्त समिति के अफसर को दोबारा जांच कराने के निर्देश देने पड़े थे।*

### एम्स में पार्किंग, न रजिस्ट्रेशन न जीएसटी

# ठेका कर्मियों और परिजनों के बीच बन रही विवाद की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- परिसर में दाखिल होने पर रोकटोक नहीं, वापसी में थमा रहे पर्ची

एम्स में आने वाले मरीज और उनके परिजनों के वाहनों पर शुल्क लगाने की व्यवस्था ठेका एजेंसी के कर्मचारी और मरीज के परिजनों के बीच विवाद का कारण बनने लगा है। परिसर में वाहन बेरोक टोक के दाखिल हो रहे है मगर वापसी के दौरान रास्ता रोककर उन्हें पर्ची थमाकर शुल्क वसूला जा रहा है। शुरुआत से लेकर अब तक यहां वाहन स्टैण्ड को ठेके में चलाने का सिस्टम नहीं था।

जानकारी के अनुसार एम्स की ओपीडी में ही प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा मरीज विभिन्न प्रकार के वाहनों में पहुंचते है। कैंपस काफी बड़ा होने और विभागों का अलग-अलग ब्लॉक होने की वजह से वाहनों की पार्किंग अलग-अलग स्थानों पर बनाई गई है। यहां शुरुआत से लेकर अब तक वाहन स्टैण्ड को ठेका में चलाने का सिस्टम नहीं था। पिछले कुछ समय



पर आने वाले वाहनों से शुल्क वसूली के लिए एसएस मल्टी सर्विस नामक संस्था को ठेका दिया गया है। ठेका एजेंसी के कर्मचारी विभिन्न हिस्सों में घूमकर कैंपस से बाहर जाने वाली गाड़ियों से शुल्क लेकर उन्हें पर्ची थमा रहे हैं। इसे लेकर मरीज के परिजनों और ठेका कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति भी बनने लगी है। एम्स परिसर में हर वक्त छोटी-बड़ी मिलाकर पांच हजार से ज्यादा गाड़ियां खड़ी रहती है।

# तीन बदमाशों ने पता पूछने के बहाने होटल कारोबारी से की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उरला थाने में एक होटल कारोबारी ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पता पूछने के बहाने तीन हजार रुपए नकदी, मोबाइल, एटीएम लूट कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों ने होटल कारोबारी पर चाकू से हमला कर लूट की है। घटना रविवार रात सिंघानिया चौक के आगे शराब भट्ठी रोड में हुई है। जनक यादव (23) ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। जनक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को सिंघानिया चौक स्थित उसके होटल में बाइक सवार तीन लड़के आए। होटल बंद करने के दौरान लड़कों ने उससे सिगरेट खरीदी। लड़कों के जाने के बाद जनक होटल बंद कर घर जाने लगा। इस दौरान रास्ते में तीनों लड़कों ने जनक का रास्ता रोक एक युवक के नाम पूछते हुए उसके बारे में जानकारी मांगी। जानकारी नहीं होने की बात कहने पर बाइक सवार लड़कों ने जनक के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर एक युवक पीछे से जनक के कंधे पर चाकू से वार किया। दो अन्य लड़कों ने जनक के साथ मारपीट कर जेब से नकदी तथा एटीएम, मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए।



- होटल में सिगरेट खरीदने के बाद लौटते समय चाकू से हमला कर बदमाशों ने की लूट

# आमासिवनी, कचना में 3 नए आंगनबाड़ी भवन का होगा निर्माण, किया भूमिपूजन

- विधायक अनुज शर्मा, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड कचना, आमासिवनी में 3 नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा। डीएमएफ फंड से आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है। आंगनबाड़ी भवन निर्माण का भूमिपूजन सोमवार को विधायक अनुज शर्मा, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू ने किया।

जोरा-पिरदा मार्ग वाल्टेयर रेल्वे क्रासिंग के पास नए सामुदायिक भवन का निर्माण और मठपारा कचना बाजार चौक में आंगनबाड़ी भवनबनाया जाएगा। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड और पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में सांसद निधि मद से 5 लाख 40 हजार की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण होगा। सोमवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष गोपेश साहू , वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, रेणुका खूंटे, उप अभियंता अतुल बंसल सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# सेजबहार-मुजगहन के सैकड़ों लोगों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव

- तहसील कार्यालय से सूचना जारी होने के बाद स्थानीय लोग हुए आक्रोशित
- एसडीएम के साथ कलेक्टर को भी सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेजबहार और मुजगहन क्षेत्र के सैकड़ों स्थानीय लोगों ने सोमवार को जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु के नेतृत्व में रायपुर तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। इस ज्ञापन के जरिए ग्रामीणों ने मांग की है कि सेजबहार एवं मुजगहन की जिस भूमि को शासकीय एवं खाली बताकर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग-3 को हस्तांतरण करने की प्रक्रिया चल रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

उपाध्यक्ष ने कहा कि जिस भूमि को खाली शासकीय बताया जा रहा है, उस भूमि पर ढाई से तीन सौ परिवारों के घर बने हुए हैं। इस तरह भूमि पर बस्ती बसी हुई है। ऐसी भूमि को खाली बताकर सूचना प्रकाशित कराना कहीं न कहीं षड़यंत्र का हिस्सा है।



#### तत्काल रोक लगनी चाहिए

सेजबहार-मुजगहन में जहां बस्ती बसी हुई है, उस भूमि को शासकीय खाली भूमि बताकर सूचना प्रकाशित करा दिए हैं। इस भूमि पर तीन सौ से ज्यादा परिवार सालों से निवासरत है। हस्तांतरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। **- संदीप यदु, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर**

#### 40 वर्षों से रह रहे 300 से ज्यादा परिवार

जिस भूमि को लेकर तहसील कार्यालय की ओर से सूचना प्रकाशित कराई गई है। उस भूमि पर 300 से ज्यादा परिवार पिछले करीब 40 वर्षों से निवासरत है। यहीं नहीं इन परिवारों के लिए यहां शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे जलजीवन मिशन सीसी रोड, नाली, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, सामुदायिक भवन आदि सुविधाएं भी मुहैया कराई गई है।

#### निविदा जारी होने के बाद क्षेत्र में मचा हड़कंप

तहसील कार्यालय का घेराव करने पहुंचे लोगों ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि अटल विहार योजना के तहत कालोनी निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग-3 मौलश्री विहार ने शासन-प्रशासन से खाली शासकीय भूमि की मांग की मांग की है। इसके लिए तहसील कार्यालय ने ग्राम पंचायत सेजबहार के पटवारी हल्का नंबर 82 रायपुर निगम मंडल रायपुर 18 कांदुल तहसील में स्थित खसरा नं. 498 /1 रकबा 9.362 हे. (23.020 एकड़) भूमि को खाली शासकीय भूमि बताया है। इससे पहले की इस भूमि को गृह निर्माण मंडल को हस्तांतरित किया जाता, उससे पहले तहसील कार्यालय ने भूमि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए सूचना प्रकाशित कराया है। यह सूचना एक अक्टूबर को प्रकाशित कराई गई है। इस सूचना की जानकारी होते ही सेजबहार और मुजगहन क्षेत्र में रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### कलेक्टर को भी सौंपा ज्ञापन

एसडीएम के अलावा ग्रामीणों ने इस मामले में कलेक्टर गौरव सिंह से भी मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वे इस एसडीएम को निर्देशित करेंगे कि जिस भूमि को लेकर सूचना जारी हुई है वह खाली भूमि है या नहीं इसकी जांच करें।

# भाजपा प्रवक्ता पर एफआईआर नहीं कांग्रेसियों ने घेरा सिविल लाइन थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सीने में गोली मारने के बयान को लेकर केरला बीजेपी प्रवक्ता पिन्टू अमित महादेव पर एफआईआर दर्ज कराने 29 सितंबर को सिविल लाइंस थाने में इस संबंध में आवेदन दिया था। आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई ने किए जाने पर सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने सिविल लाइन थाने का 5 घंटे तक घेराव किया। कांग्रेसियों ने कहा कि जब पश्चिम बंगाल की सांसद महुआ मोईत्रा द्वारा देश के गृहमंत्री अमित शाह को लेकर बयान दिया गया था उस पर माना थाने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एफआईआर कराई गई है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि राहुल गांधी के ऊपर ऐसे ही



- राहुल को गोली मारने के बयान का मामला

बयान दिये जाने को लेकर असम, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, गुजरात सहित अनेकों प्रदेश में एफआईआर दर्ज किये गये हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता के ऊपर मामला दर्ज नहीं किया जा रहा है। अब क्या एक प्रदेश में दो कानून चलेगा? पुलिस प्रशासन भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बन चुकी है। उन्होंने कहा, पुलिस थाने को एकात्म परिसर के नाम से जाना जाये। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता यह जान लें कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता राहुल गांधी के पीछे खड़ा है और ऐसी स्थिति में पहली गोली उनके कार्यकर्ता खायेंगे। देश के आजादी के बाद महात्मा गांधी को ऐसी विचारधारा के लोगों ने ही गोली मारकर हत्या की थी। उन्होंने कहा, यदि तत्काल बीजेपी केरला प्रवक्ता पिन्टू अमितमहादेव पर एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है, तो हम न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे और पुलिस विभाग के खिलाफ भी न्यायालयीन लड़ाई लड़ेंगे।

**ये थे मौजूद** : घेराव में गिरीश दुबे, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, सूर्यमणी मिश्रा, दीपा बग्गा, देवकुमार साहू, मुन्ना मिश्रा, श्रीनिवास राव, सुंदर लाल जोगी, अन्नू राम साहू, संदीप तिवारी, आसिफ मेमन आदि उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन में कुलियों की काम बंद हड़ताल, किया विरोध



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड कार, बैटरी चलित वाहन के विरोध में लाइसेंसी कुलियों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को सभी कुलियों ने स्टेशन में काम बंद कर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अब कुली विरोध प्रदर्शन करने पहुंच रहे। उनका कहना है कि जब तक रेलवे टेंडर रद्द नहीं कर देता, प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारी कुलियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार से उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इसे बंद किया जाना चाहिए। अगर प्लेटफार्म पर बैटरी कार चलेगी और कोच तक गाड़ी ही सामान पहुंचा देगी तो यात्री कुली से मदद क्यों लेंगे? रेलवे प्रशासन ने रायपुर के लिए 4, दुर्ग के लिए 3 व भिलाई पॉवर हॉउस और भाटापारा में एक बैटरी कार के लिए टेंडर दिया है। कुलियों का कहना है कि इस फैसला से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा, लेकिन कुली को नुकसान है। इधर पूरे मामले पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की जा रही है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



दरबार में अर्जी लगाते ही लहसुन....


## लाइव इवेंट

## मराठी-हिंदी फिल्मी गानों और किरदार के बुजुर्गों ने बताए नाम



**रायपुर।** मराठी- हिंदी फिल्मों, गानों से लेकर सामान्य ज्ञान के प्रश्नों की सोमवार को ऐसी श्रृंखला सजी, जिसके चलते सभी को खुशनुमा माहौल मिला। मौका था महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित वरिष्ठजन दिवस का। इसमें सुपरहिट फिल्म शोले में बसंती के घोड़ी का क्या नाम था? से लेकर मराठी फिल्म अशी ही बनवा बनवी में चारों हीरो के नाम बताइए? ऐसे अनेक मनोरंजक सवालों के सही जवाब देने वाले बुजुर्गों को मंडल के पितामह कहे जाने वाले सभासद टीएम घाटे ने आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इसी बीच सुमीता रायजादा के जीवन यात्रा के बेहतरीन नई- पुरानी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों का सुमधुर गुलदस्ता प्रस्तुत किया। रचना ठेंगड़ी की एकल नृत्य प्रस्तुति ने तालियां बटोरी। प्रिया बक्षी और गौरी क्षीरसागर के रोचक मंच संचालन ने लोगों का मनोरंजन किया।

### बुजुर्गों को दी गई डिजिटल पेमेंट की जानकारी

सभागृह के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बुजुर्गों को डिजिटल पेमेंट से संबंधित जरूरी जानकारियों और सावधानियों के बारे में समझाया। उपाध्यक्ष गीता दलाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण समिति के समन्वयक अभय भागवतकर, अर्चना पराड़कर, अर्चना मुकादम, अनघा करकशे ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला सांकेतिक अभिनय किया। जेएस उरकुरकर ने पृथ्वी संरक्षण को लेकर सचेत किया और बताया कि आखिर हमें पर्यावरण के नाम पर जीव- जंतु के हितार्थ क्या करना चाहिए। आध्यात्मिक समिति की आस्था काले, आकांक्षा गद्रे ने बताया कि कौन सी देवी मां ने महिषासुर का मर्दन करने के लिए कौन सा हथियार दिया। परिकल्पना दिव्या पात्रीकर और संकलन आस्था काले और निर्देशन आचार्य रंजन मोड़क ने किया।

### बाजार में नए लुक में डिजाइनर करवा, छलनी व पूजा की थाली महिलाओं को कर रही आकर्षित

# चांद का दीदार करने मिट्टी से लेकर पीतल-चांदी के करवे रिबन वर्क वाली साड़ी बनाएगी करवाचौथ को यादगार

पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का पर्व करवाचौथ 9 अक्टूबर को मनाया जाएगा। महिलाएं अपने सुहाग के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर शहर का बाजार गुलजार हो चुका है। इस बार भी पूजन के लिए मिट्टी के करवे की मांग अधिक है।





**रायपुर।** सुहागिन महिलाएं करवाचौथ में खुद को निखारने व संवारने के लिए ब्यूटी पार्लर पहुंच रही हैं। वे एडवांस में बुकिंग भी करा रही हैं, ताकि पर्व में भीड़ से बचा जा सके। सराफा बाजार में भी नेकलेस, झुमके, कंगन और अंगूठी की मांग बढ़ी हुई है। बाजार में महिलाएं पूजा सामग्री खरीदारी करने पहुंच रही है। महिलाओं की भीड़ श्रृंगार, वस्त्र व उपहार से जुड़े उत्पादों की दुकानों पर नजर आ रही है।

### 50 रुपए से लेकर 200 तक करवा

गोलबाजार में चांद देखने के लिए करवा 50 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। साथ ही पूजा की थाली 100 से लेकर 300 रुपए तक है। करवाचौथ के लिए ज्यादातर महिलाएं मिट्टी और पीतल के करवे ही खरीद रही हैं, लेकिन इस बार चांदी का करवा भी बाजार में मिल रहा है, जिसकी भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में 200 रुपए से 1500 रुपए तक के पीतल के करवे बाजार में हैं।



### उपहार में मोबाइल और ज्वेलरी पहली पसंद

करवाचौथ के लिए पुरुषों ने भी पत्नियों के लिए उपहार की खरीदारी शुरू कर दी है। मोबाइल, ज्वेलरी के अलाव फोटो फ्रेम गिफ्ट के लिए खरीदा जा रहा है। इस बार महिलाएं व युवतियां में हैंडवर्क की साड़ियों व सूटों की अधिक मांग देखने को मिल रही है। साड़ियों में रिबन वर्क भी पसंद किया जा रहा है। इसमें पूरी साड़ी सामान्य होती है। इन साड़ियों की कीमत तीन हजार रुपए से शुरू होती है। महिलाओं की पसंद सिल्क और बनारसी साड़ियां भी हैं। इसमें लाल रंग की अधिक डिमांड बताई जा रही है। इसके अलावा बाजार में आकर्षक रंगों की चूड़ियां महिलाओं को भा रही हैं। चूड़ी विक्रेता ने बताया कि महिलाएं कपड़ों से मैच करती हुई चूड़ियां व बिंदी खरीद रही हैं। चूड़ियों में सबसे ज्यादा वेलवेट, राजस्थानी व जयपुरी पैटर्न को पसंद किया जा रहा है। महिलाएं सूट, साड़ी व चूड़ियों के रंग से मिलती-जुलती बिंदी खरीद रही हैं।

### मेहंदी सेंटर में स्पेशल ऑफर

करवाचौथ से पहले ही सुहागिनें खुद को निखारने को लेकर ब्यूटीशियन की बुकिंग करने लगी हैं। बड़े पार्लर व मेंहदी सेंटर में स्पेशल ऑफर भी दिया जा रहा है। इसमें करवाचौथ पैकेज के साथ ही छूट भी दी जा रही है। फेशियल, हेयरकट और हेयर ट्रीटमेंट के साथ ही स्पेशल मेहंदी का भी ऑफर महिलाओं को मिल रहा है। साथ ही मेहंदी लगाने घर पहुंच सुविधा भी दी जा रही है। हालांकि इसके लिए अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। पार्लर संचालकों का कहना है कि 500 रुपए का पैकेज दोनों हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए शुरुआती पैकेज है। इसके बाद डिजाइन और मेहंदी के हिसाब से मूल्य तय होता है।

## सिटी इवेंट

## रेलवे में आईटीआई पास के लिए अप्रेंटिसशिप पदों पर निकली नौकरी





**रायपुर।** दसवीं- आईटीआई उत्तीर्ण ऐसे युवा जो रेलवे में नौकरी पाना चाहते हैं उनके पास सुनहरा मौका है। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 2162 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 3 अक्टूबर 2025 से स्टार्ट कर दी जाएगी। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी आरआरसी जयपुर की ऑफिशियल वेबसाइट **rrc-jaipur.in** पर जाकर कल से फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन करने की लास्ट डेट 2 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।अप्रेंटिसशिप पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ 10**th** या समकक्ष (10+2 सिस्टम) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ संबंधित ट्रेड में **ITI**, **NCVT/ SCVT** सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो। शैक्षिक योग्यता के अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 15 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। आयु की गणना 2 नवंबर 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

### बिना परीक्षा इंटरव्यू के मिलेगी नौकरी

इस भर्ती में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 10**th** एवं **ITI** में प्राप्त अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जायेगा। मेरिट लिस्ट डिवीजन एवं ट्रेड वाइज अलग-अलग जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज एवं मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदान करना होगा। इस भर्ती में शामिल होने के लिए अन्य सभी कैटेगरी से आने वाले उम्मीदवारों को 100 रुपये का भुगतान करना होगा। एससी, एसटी, महिला एवं पीडब्ल्यूडी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी निशुल्क आवेदन कर सकते हैं। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

## प्रतिभाओं को ग्लैमर का जलवा बिखेरने आज मिलेगा अवसर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सबसे ग्लैमरस इवेंट के लिए मंगलवार से ऑडिशन का सिलसिला शुरू होगा। मिस्टर, मिस एंड मिसेज आइकॉन छत्तीसगढ़ सीजन- 8 में प्रदेश की बड़ी मॉडलिंग प्रतियोगिता में उभरती प्रतिभाओं को जलवा बिखेरने का अवसर भी मिलने वाला है। इसके लिए अम्बुजा मॉल, सिटी सेंटर में ऑडिशन होने जा रहा है। मंच पर फैशन के साथ ग्लैमर और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। ऑडिशन 07, 08 और 09 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शुरू होगा। ग्रैंड फिनाले इस बार 12 अक्टूबर को होगा। इस इवेंट की खास बात यह है कि इसे प्रतिभा खोज का रूप लेता जा रहा है।

### ऑडिशन में प्रतिभागी खुद को करेंगे साबित

*इस आयोजन को लेकर राहुल कुकरेजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के हर कोने से प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने आते हैं। इस बार भी एआर और ब्रॉड इवेंट के संयुक्त प्रयास से युवा प्रतिभागियों की प्रतिभा को मंच देने प्रयास किया जा रहा है। इससे प्रदेश के उभरते मॉडल्स को एक सुनहरा अवसर मिलेगा। निर्धारित तिथियों पर ऑडिशन में भाग लेने के साथ ही अपनी प्रतिभा को साबित करें। इनमें सलेक्ट होने वाली प्रतिभाओं को फैशन के क्षेत्र में किस तरह से खुद को स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए, इसे ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित प्रतिभाओं को बताया जाएगा।*

## स्टूडेंट्स ने बनाया स्मार्ट डस्टबिन, पुरानी जींस और जूट से तैयार किया हैंडबैग

**रायपुर।** दिशा कॉलेज में सोमवार को विस्टा–द मैनेजमेंट फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। पहले दिन जुगाड़ मैनेजमेंट, मूवी-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जीएस देशमुख, डायरेक्टर, इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी और मिस तनु अरोरा, नेशनल हेड, एचआर मास्टरमाइंड के साथ, प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने किया। प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि हमारे प्राचीन वेद और पुराण भी प्रबंधन के गुर सिखाते हैं। उन्होंने वेदों, रामायण और भगवद गीता के संदर्भ में योजना, निर्णय लेने और संकट प्रबंधन के सिद्धांत छात्रों को समझाए। उन्होंने बताया कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने, टीम वर्क और सामूहिक प्रयास से सफलता प्राप्त करने, और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में यह ज्ञान अत्यंत सहायक है।



### जीवन में सीखने के दो तरीके

*मुख्य अतिथि डॉ. जीएस देशमुख ने कहा कि सीखने के दो मुख्य तरीके हैं पहला घर पर शिक्षा और दूसरा अनुभव तथा अवलोकन के माध्यम से। ये दोनों तरीके व्यक्ति के ज्ञान और कौशल को विकसित करने में मदद करते हैं। मिस तनु अरोड़ा ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। जुगाड़ मैनेजमेंट (इनोवेशन ऑन द स्पॉट) प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्मार्ट डस्टबिन, वायरलेस चार्जिंग उपकरण और पुरानी जींस एवं जुट से बने हैंडबैग प्रस्तुत किए, जो कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रहे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रफुल्ल व्यास, विभागाध्यक्ष, साइंस विभाग, दिशा कॉलेज और श्रीमान स्पर्श लखिमा, फाउंडर, एक्सप्लोर विथ स्पर्श उपस्थित रहे।*

## छग मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, राज्यभर से पहुंचे प्रतिभागी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा "स्व. श्री गुलाबचंद शर्मा स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025" का सफल आयोजन 5 अक्टूबर को सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल रायपुर में किया गया। इस अवसर पर राज्यभर के दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया और रोमांचक मुकाबलों में अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निखिल बानी, राजेश अग्रवाल, सुशांत बोरवनकर, पीएन मजूमदार, राम सावले, डॉ. भरत अग्रवाल (पुरुष वर्ग) तथा दिव्या आमदे और प्रमिला ठाकुर (महिला वर्ग) ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।



उल्लेखनीय है कि पुरुष वर्ग (50 वर्ष आयु वर्ग) में रायपुर के राजेश अग्रवाल पहली बार विजेता बने। समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, होम लोन सेल्स टीम (रायपुर जोन) के असिस्टेंट जनरल मैनेजर विजय अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के चेयरमैन प्रदीप जनवदे ने की। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा एवं धमतरी जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष पराग दोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी और मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे मंच पर मौजूद रहे। मंच संचालन का दायित्व समिति के सचिव प्रेमराज जाचक ने निभाया।

### महाराष्ट्र मंडल में तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन महिलाओं ने दी प्रस्तुति

# जोगवा- कोली, लावणी की बेजोड़ प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध, महिलाओं ने जमाया रंग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इस साल महाराष्ट्र मंडल ने 91वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय मराठी सोहला का आयोजन किया। इस श्रृंखला में सोमवार को अंतिम दिन महिला केंद्रों में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक जोगवा, कोली व लावणी नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। सभी 16 महिला केन्द्रों की टीमों ने शानदार अंदाज में मराठी संस्कृति की विभिन्न विधाओं वाले नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए मंच पर अपनी प्रतिभा के माध्यम से रंग जमाया। मराठी गीतों से सजे रीमिक्स पर नृत्य की ऐसी छटा बिखेरी कि लोग आयोजन में शामिल कला प्रेमियों ने खुले मन से प्रस्तुतियों को करतल ध्वनि से सराहा। सोहला की श्रृंखला में दी गई हर प्रस्तुति ने सदस्यों की तीन दिनों तक की गई भागदौड़ से हुई थकान को चंद मिनटों में खत्म किया।





### नए स्वरूप से कला प्रेमियों का कराया परिचय

केंद्र की प्रीति केसकर, कंचन पुसदकर, मानसी विठालकर, वंदना पाटील, अपर्णा आठले, सीमा तिग्गा ने इसकी सुंदर प्रस्तुति देते हुए कला प्रेमियों को मंच से जोड़ने में सफल रही। सरोना केंद्र की मीना परदेशी, रमा धारवाडकर, डॉ शुभांगी पाचघरे, जयश्री ढेकणे, डॉ. सुकेशिनी जाधव ने गोकुलात रंग' प्रस्तुत करते हुए सभी को कृष्ण रंग में रंग दिया। अमलीडीह केंद्र से आई जगदंबे और लल्लाटी भंडार जोगवा प्रस्तुति देते हुए भक्ति के एक नए स्वरूप से कला प्रेमियों का परिचय कराया। इसमें अर्चना भाकरे, अक्षरा भगाडे, सुगंधा दामले और अरुणा अय्यर ने नृत्य प्रस्तुति देते हुए मंच से लोगों का भी मनोरंजन किया।

### अलग-अलग केन्द्र की महिलाओं ने सजाया मंच

उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि तीसरे पायदान पर सोमवार की शाम को महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। रोहिणीपुरम केंद्र की प्राची जोशी, स्मिता बल्की, अनिता लांगे, ऋतु बहिरट ने लावणी की प्रस्तुति दी। वहीं शंकर नगर केंद्र की देविका देशपांडे, सपना काडू, लीना मजुमदार, अमृता सोमण, कविता लांजेवार, श्वेता डबली, स्वाति जोशी, रैना पुराणिक, वैशाली निमजे, वर्षा उरकुरकर ने जोगवा की बेहतरीन प्रस्तुति से देवी आराधना की और लोगों से तालियां बटोरीं। बूढ़ापारा केंद्र की प्रणिता नलगुंडवार, अंजलि नलगुंडवार, रीता लोखंडे, अर्चना पराड़कर ने नृत्य पेश किया। वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने कोली (मछुआरा की ओर से गाया जाने वाला गीत) व नृत्य पेश किया।

**समाज लाइव**

## गायत्री परिवार के युवाओं ने सेवा देते हुए आज मनाया 'स्वच्छोत्सव'



रायपुर। "स्वच्छ भारत मिशन" में आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था अखिल विश्व गायत्री परिवार ने भी सहभागिता निभाई है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ्य बनाने गुरुदेव के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युगतीर्थ-गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रायपुर के युवा प्रकोष्ठ एवं वरिष्ठ परिजनों ने सोमवार को सुबह गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी परिसर में भी सफाई की गई। गायत्री परिवार द्वारा विगत कई वर्षों से विभिन्न शहरों और गांवों में स्वच्छता अभियान चला रहा है। इसमें तटों, जलस्त्रोतों, तीर्थ स्थान, धार्मिक स्थान, पूजा स्थल और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जाती है। स्वच्छता अभियान में गायत्री परिजनों द्वारा सामुदायिक सहभागिता का परिचय देते हुए युवा और वृद्ध सभी आयु वर्ग कि महिला-पुरुष स्वैच्छिक रुप से भाग लेते हुए सामाजिक दायित्व निभाते हुए लोगों को सजग करने के स्वच्छोत्सव का संदेश देते हैं।

### नालियों की सफाई करते हुए दी सेवा

परिवार के प्रज्ञा प्रकाश निगम और युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय ने बताया कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक है। इसलिए रायपुर में युवा प्रकोष्ठ द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत "स्वच्छोत्सव" के रुप में सर्वप्रथम अपने ही मंदिर परिसर में सफाई करते हुए की गई। स्वच्छोत्सव की कड़ी में मंदिर परिसर में निर्मित यज्ञ शाला, भोजनशाला, सभागार और नालियों की सफाई करते हुए सेवा दिया। अभियान के बाद युवा कार्यकर्ता दिलेश्वर, श्रद्धा, मेघा, प्रगति एवं मनीषा द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। नाटक द्वारा बताया गया कि हमें पॉलिथिन एवं कचड़ें को कूड़ेदान में ही डालना है।

**धर्म लाइव**

## वर्सी महोत्सव के दूसरे दिन संतों की अमृतवाणी से सजा दरबार



रायपुर। श्री श्री 1008 किशनपुरी गोस्वामी की 35वीं वर्सी महोत्सव के दूसरे दिन संत महात्माओं ने अपने अमृतवाणी से भक्तजनों को निहाल किया। तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव के अवसर पर दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत हिंगलाज माता दुर्गा माता व संत बाबा किशनपुरी गोस्वामी के फोटो पर पुष्प अर्पण कर अखंड ज्योत प्रजवलित करके की गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हंसराज उदासी रीवा ने कहा कि मेरे सतगुरु तेरी नौकरी सबसे बढ़िया है, सबसे खड़ी कहने का तात्पर्य यह है कि हम दुकान में अपनी नौकरी दे या किसी के अन्य दुकान में नौकरी करें उसमें सिर्फ हमें चंद रुपए ही मिलते हैं पर अगर हम अपने सतगुरु की सेवा करेंगे, दरबार की सेवा करेंगे सच्चे मन से करेंगे तो हमें कभी भी दुख तकलीफ परेशानी नहीं आएगी।

### प्रभु पर पूर्ण श्रद्धा विश्वास और समर्पण

रावण माता सीता का हरण कर लंका ले गया। श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेना उनकी खोज में निकले। पता चलने पर कि सीता लंका में हैं, श्रीराम ने समुद्र पार करने का विचार किया। नल-नील और वानर सेना ने समुद्र पर पत्थरों से सेतु बनाया। हनुमान जी उन पत्थरों पर राम नाम लिखते थे और वे पत्थर पानी पर तैर जाते थे। इस घटना का संदेश यह है कि केवल नाम लिखने से चमत्कार नहीं होता, बल्कि जब भक्त अपने प्रभु पर पूर्ण श्रद्धा, विश्वास और समर्पण रखता है, तब असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। हनुमान जी जैसे भक्त इसी भाव के आदर्श हैं।

**सिटी लाइव**

## मानसिक तनाव से निपटने आयुर्वेदाचार्य ने दिए टिप्स



रायपुर। लॉयंस क्लब रायपुर कैपिटल की ओर से अग्रसेन कॉलेज में युवाओं की मानसिक समस्याओं को लेकर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुर्वेदाचार्य डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने सभी का मार्गदर्शन किया। डॉ. चतुर्वेदी ने युवाओं को योग, प्राणायाम (विशेष रूप से अनुलोम-विलोम), सूर्य नमस्कार, एवं ब्रीदिंग एक्सरसाइज जैसी तकनीकों के माध्यम से मानसिक तनाव से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने खानपान की आदतें, अनिद्रा, मोबाइल के हानिकारक प्रभाव, कॅरियर संबंधी दुविधाएं, सहपाठी दबाव एवं नकारात्मक व्यवहार के प्रकारों पर भी विस्तृत चर्चा की। कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा कार्यक्रम को अत्यंत इंटरएक्टिव बनाया। उपस्थित विद्यार्थियों को हैंडआउट्स भी वितरित किए गए, जिनमें मानसिक तनाव से राहत के आयुर्वेदिक नुस्खे शामिल थे।

### सकारात्मक जीवन शैली के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मानसिक तनाव से मुक्त कर उन्हें सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था। कॉलेज के प्राचार्य वायके राजपूत, प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने इस सराहनीय एवं लाभकारी कार्यक्रम के आयोजन के लिए लॉयंस क्लब रायपुर कैपिटल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लायन कनीज सिद्दीकी ने युवाओं को स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

● शहर के आस्था केंद्रों और कॉलोनियों में विधि-विधान से हुई पूजा, मध्यरात्रि में बांटी गई खीर

# सोलह कलाओं से परिपूर्ण चंद्रमा से बरसा अमृत, मंदिरों में निभाई परंपरा, खीर प्रसादी बांटी, संगीत से सजा उत्सव

'शरद पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा वर्षभर में इस तिथि पर ही दिखाई देता है। चंद्रमा पूर्णिमा तिथि पर जहां सोलह कलाओं से ओतप्रोत होता है। वहीं मध्यरात्रि में चंद्रमा से अमृत का अंश बरसता है। इसलिए खीर बनाकर रात में खुले आंगन में रखी जाती है। इसके चलते शहर के कई आस्था केंद्रों में जहां परंपरा निभाई गई, वहीं कई समाज के लोगों ने इसे भजनों और गीत संगीत से उत्सव का रूप दिया। इसमें समाज की प्रतिभाओं ने स्टेज पर गीतों और भजनों पर नृत्य पेश करते हुए लोगों को उत्सव का माहौल दिया। कई आयोजकों ने सुबह आस्था केंद्रों पर प्रसाद स्वरूप खीर वितरण का इंतजाम किया है।'



रायपुर। राजधानी के आस्था केंद्रों में शरद पूर्णिमा को उत्सव की तरह मनाने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका पालन अब भी विधि-विधान से किया जाता है। मां महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि वर्तमान दौर में भी विधिवत खीर पकाने और मध्यरात्रि पूजा-आरती के बाद भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया जाता है। इस उत्सव की तैयारी शाम ढलते ही शुरू की गई। परिसर में 51 किलो खीर और 11 किलो रबड़ी तैयार करने के बाद उसे चांदनी रात में आसमान तले खुले में रखने के बाद भगवान की पूजा-आरती के बाद भोग अर्पित किया गया। इस उत्सव का साक्षी बनने के लिए मध्यरात्रि आसपास रहने वाले भक्त परिवार भी पहुंचे। इससे महोत्सव का माहौल हर साल की तरह ही सोमवार की मध्यरात्रि में बना। इस तरह से परंपराओं का निर्वहन रावांभाठा स्थित शिव-पार्वती मंदिर में, नरहरेश्वर महादेव सहित कई आस्था केंद्रों में विधि -विधान से परंपराओं का पालन किया गया।

### शरदोत्सव से जुड़े हैं यह पौराणिक प्रसंग

कथावाचक पं. शुक्ला और संस्कृत भाषा के प्रचारक एवं धर्मशास्त्री पं. चंद्रभूषण ने बताया कि सनातन हिंदू धर्म में आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि पर शरद पूर्णिमा मनाई जाती है। धर्म ग्रंथों में इस तिथि में माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने और यह देखने आती हैं कि कौन जाग रहा है, इसलिए इसे कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में यह समय वर्ष का मध्यकाल होता है। शरद पूर्णिमा का पूर्ण चंद्रमा सम्पूर्ण वर्षभर में इस तिथि पर ही सोलह कलाओं में होता है। इस दिन चांदनी में अमृत का अंश बरसता है। इसलिए खीर पकाने के बाद रातभर खुले आंगन में रखी जाती है। सुबह उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है।



### अस्थमा दमा रोग निदान में रामबाण का कार्य करती है

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा औषधियुक्त खीर का निर्माण शक्तिपीठ के प्रांगण में किया गया। गायत्री शक्तिपीठ में औषधियुक्त खीर का निर्माण 20 किलो किया गया है, जिसका वितरण मंगलवार की सुबह मां गायत्री की आरती पूजा के बाद शुरू होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल ने जानकारी देते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा की चांदनी अमृतवर्षा करती है, जो रोग चिकित्सा विशेषकर अस्थमा दमा रोग निदान में रामबाण का कार्य करती है। शरद पूर्णिमा को अमृतमय चांदनी में खीर बनाकर अस्थमा दमा से पीड़ति व्यक्ति को खिलाने से विशेष लाभ होता है। आयुर्वेद के साथ जब ज्योतिष विज्ञान के मुहूर्त का समन्वय होता है तो यह मनुष्य के लिए विशेष कल्याणकारी सिद्ध होता है।

### आकर्षक प्रस्तुतियों से बच्चों ने सजाया मंच

*छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा की रात समता कॉलोनी स्थित विप्र सांस्कृतिक भवन में शाम ढलते ही उत्सव की श्रृंखला सजाने का दौर शुरू हुआ। आकर्षक स्टेज पर समाज के सामने बच्चों व महिलाओं ने भजनों के साथ गीतों पर थीम बेस्ड श्रृंखला सजाई। इसे गीत-संगीत से सजाने के लिए करीब एक सप्ताह से तैयारी का सिलसिला चल रहा था। इसका अच्छा रिस्पांस लोगों से भी मिला। समाज के नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, संजय दीवान, कुसुम शर्मा और प्रीति शुक्ला ने इस आयोजन को उत्सव का रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रात 10 बजे से एक तरफ जहां समाज के लोगों ने एक साथ उत्सव मनाने के बाद भोजन किया। वहीं खीर पकाने और परंपराओं को निभाते हुए बच्चों को इससे जोड़ा।*

### कॉलोनियों और मोहल्लों में किया आयोजन

*शहर के पुरानी बस्ती, टिकरापारा, गुढ़ियारी, सड्डू सहित कई कॉलोनियों में शरदोत्सव की श्रृंखला सजाने के लिए युवाओं और क्षेत्र के रहवासियों ने आपसी तालमेल से खीर पकाते हुए उत्सव मनाया। इसके चलते भनपुरी, श्रीनगर और शंकरनगर में भी बस्तियों ही नहीं, बल्कि कॉलोनियों में महिलाओं और युवाओं की टोली द्वारा पारंपरिक तरीके से शरदोत्सव का आयोजन विधि-विधान से किया गया। इसके बाद आयोजकों ने प्रसाद वितरण किया। बचे हुए खीर को सुबह पूजा-आरती के बाद भी श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा।*

## समाज की एकता, संस्कृति और गौरव को नई दिशा देने जुटे देशभर से क्षत्रिय प्रतिनिधि



रायपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं राज्य स्तरीय सम्मेलन रायपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रिंगरोड सरोना स्थित विघ्नहरण सिंह राजपूत भवन में सोमवार को किया गया। इस मौके पर वीणा रमन सिंह ने कहा कि समाज को संगठित कर सर्वसमाज हित में कार्य करना है। पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि क्षत्रिय समाज को आज तलवार पकड़ने नहीं, कलम पकड़कर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होना जरूरी है। कार्यक्रम अध्यक्ष हरिवंश सिंह ने कहा, समाज की एकता में ही ताकत है, संगठन को विकासखंड स्तर तक मजबूत करना होगा। इसी दौरान प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम ने 3 प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने समाज की हर आवश्यकता पर साथ खड़े होने का वचन दिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, हरिवंश सिंह, महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह, मंत्री टीएस सिंहदेव एवं किरण सिंह देव, ईला कलचुरी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, एपी सिंह के अलावा शक्ति सिंह चौहान, कैलाश चौहान, जगदलपुर विनोद सिंह राठौर, रुबी शैलेंद्र सिंह, दिलीप सिंह कुशवाह, आलोक सिंह ठाकुर, शशि सिंह, राजीवलोचन सिंह, मनहरण सिंह, देवेश सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, जयत सिंह, सरोज सिंह, गिरीश सिंह, कन्हैया सिंह, रमेश सिंह, डॉ. भगवंत सिंह, रामकुमार सिंह राजावत एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य, सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

### हर जिले से पहुंचे लोग

*देश के अन्य राज्यों की तरह 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ सवर्ण गरीबों को मिले एवं दूसरी मांग छग में शासन द्वारा क्षत्रिय कल्याण बोर्ड के गठन मांग की, तीसरी मांग सामान्य सीट पर सभी राजनीतिक दल द्वारा सामान्य वर्ग प्रत्याशी को ही टिकट देने की रही। मुख्य अतिथि सांसद व उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल ने समाज की तीनों मांगों पर विचार करने कहा एवं छग जैसे प्रदेश में हर जिले से पहुंचे क्षत्रियोंजनों का आभार व्यक्त किया।*

## फल की आकांक्षा से मुक्त होकर कर्म करना ही यज्ञ



रायपुर। छत्तीसगढ़ नगर सरस्वती शिक्षा मंदिर में जारी गीता ज्ञान अमृतवर्षा में गुरुदेव संकर्षण शरण (गुरुजी) ने सोमवार को कर्म और यज्ञ की बारे में बताया। उन्होंने आगे बताया कि यज्ञ की प्रक्रियाची कर्म है, होनी चाहिए, कर्तापन का भाव नहीं होना चाहिए, उसमें अहंकार नहीं होना चाहिए, हमें अंदर और बाहर दोनों जगह यज्ञ की आवश्यकता होती है, बाहर का यज्ञ जब हम हवन कुंड में जौ, तिल, नारियल, चावल, घी आदि से हवन करते हैं, बाह्य यज्ञ होता है और अंदर से भी यज्ञ करना अर्थात अपने विकारों को मिटाना, ईर्ष्या, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार इत्यादि दुर्गुण को समाप्त करना। इसलिए फल की आकांक्षा से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए, बिना किसी स्वार्थ के परोपकार की भावना से कर्म करना चाहिए। कर्म हमारे हाथ में होता है, फल परमात्मा के हाथ में होता है। कर्म वर्तमान में होता है, फल भविष्य में होता है, इसलिए फल की आकांक्षा से मुक्त होकर कर्म करना चाहिए। वह कर्म यज्ञ की तरह होता है। यह जानकारी मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी कल्पना शुक्ला ने देते हुए बताया कि प्रवचन सुनने भारी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक पहुंच रहे हैं।

## महेंद्र ऋषि का मना जन्मोत्सव, धर्म जागरण में शामिल हुए श्रद्धालु

रायपुर। जैन धर्म गुरु एवं श्रमण संघ के युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज का 59 वां जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में साध्वी प्रियदर्शना के सानिध्य में मनाया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों में युवाचार्य भगवंत का जन्म महोत्सव आयंबिल एकासना की तप साधना श्रावक, श्राविकाओं ने मनाया।

साध्वी प्रिय दर्शना के सामने अनेक लोगों ने अपने भाव रखे। उनसे अपना आशीर्वाद और स्नेह रखने की प्रार्थना की। युवाचार्य भगवान के जन्म महोत्सव पर तप साधिका किरण संचेती ने 47 उपवास के तपस्या की भेंट चढ़ाई। युवाचार्य भगवंत के चातुर्मास में बड़े तपस्या आपके द्वारा की गई थी।

चातुर्मास में विराजमान साध्वी समुदाय द्वारा धार्मिक तत्व ज्ञान शिविर में धर्म की बारिकियों का ज्ञान कराते हुए धर्म के मर्म को समझाया जाएगा। साध्वी विचक्षणा श्रीजी, साध्वी सुकृति श्रीजी, साध्वी सुप्रज्ञपति श्रीजी इस शिविर में ज्ञान अर्जन कराएंगे।

गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लगाया दिव्य दरबार

# दरबार में अर्जी लगाते ही लहसुन, मांस, मंदिरा करें बंद सपने में बंदर दिखे तो समझें आ गई बालाजी की सेना

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगवाई में स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिव्य दरबार लगाया। श्रीमंत हनुमंत कथा में हजारों लोग तीसरे दिन भी शामिल हुए। इसमें मुस्लिम समाज के सलमान ने हिंदू धर्म अपनाया। ओड़िया समाज की बिंदू बाई और निर्मला ने ईसाई धर्म को छोड़कर फिर से हिंदू धर्म अपनाते हुए घर वापसी की। इससे पूर्व लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी, कांता सरण, अरु साहू और बसंत अग्रवाल का सम्मान किया गया। कथा समाप्ति के बाद मंगलवार की रात 9.30 बजे से पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने ऑफिशयल फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर लोगों से लाइव बात करेंगे। अभी तक एक करोड़ 6 लाख यूट्यूब पर और फेसबुक पर एक करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। मंगलवार को पं. शास्त्री का दिव्य दरबार 12 बजे लगेगा। वहीं सुबह 9 बजे बागेश्वर धाम प्रमुख भक्तों को दीक्षा देंगे।



### रायपुर में दो दिन का दिव्य दरबार लगाया जाए

हनुमंत कथा के तीसरे दिन सोमवार कथा में कहा कि दो साल बाद आज फिर से उसी जगह पर दिव्य दरबार लग रहा है। जहां से दो साल पहले धर्म विरोधियों को तमाचा मारा था। सुबह जब हनुमानजी की आरती कर रहे थे, तब उन्होंने आकर कहा कि रायपुर में दो दिन का दिव्य दरबार लगाया जाए। हर जगह एक दिन का लगता है, लेकिन रायपुर, यही वह भूमि है, जहां बजरंग बली का झंडा ऐसा गड़ा कि या इलाही वालों की ठठरी और गठरी बंध गई। मंगलवार को 12 बजे प्रेत राज सरकार का दरबार लगेगा। बालाजी सरकार ने ऐसा मुंह घुमाया था कि जो महाराष्ट्र वाला टकला था, उसका पकला उधड़ गया था।

### आपको दरबारों में भटकने की जरूरत नहीं

*दिव्य दरबार में अर्जी लगाने के बाद लहसुन, मांस, मंदिरा का सेवन पूरी तरह बंद करना है। महीने, दो महीने या तीन महीने में बालाजी सरकार का दर्शन करना है तो 11 और 21 पेशी करने का प्रण लेना है। सुबह 6 बजे आरती में पहुंचना है, जब तक धाम न पहुंच पाओ, मंगलवार को ऊँ बागेश्वराय मंत्र का जाप करना है। प्रेत-बाधा से परेशान हो तो प्रतिदिन नहीं तो मंगलवार को संन्यासी बाबा का हवन करना है। सपने में दो दिन तक अगर बंदर दिखाई दें तो समझ जाना बालाजी की सेना आ गई और दरबार में आपकी अर्जी लग गई है। महाराष्ट्र में तीन दिन पहले अमेरिका का एक नागरिक कह रहा था। सब ईसाई बन जाओ, बीमारियां भाग जाएंगी, हम कहते हैं, हिंदुओं को, तुम दूसरे मजहब में चले गए हो, घर वापस आ जाओ। हम गारंटी ले रहे हनुमानजी के नाम से। तुम्हें दरबारों में भटकने की जरूरत नहीं है।*

### कथा में इनकी गरिमामयी उपस्थिति

*कथा के दौरान परिवहन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल भी मंचस्थ रहे। हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक अवधेश दुबे, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रितेश रागी, सुनील खेमका, दीपक भारद्वाज, आशा तिवारी, शालिनी राजपूत के अलावा लाखों की तादाद में कथा श्रोता इसमें शामिल हुए। सभी ने बागेश्वर धाम प्रमुख से आशीर्वाद लिया।*

ज्योतिष

## 100 साल बाद दिवाली पर शनि बनाएंगे शक्तिशाली धन राजयोग



इस साल दिवाली का पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। वहीं इस दिन शनि देव अन्य ग्रहों पर दृष्टि डालकर धन राजयोग बनाने जा रहे हैं। ऐसे में कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। साथ ही इन राशियों को करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये किन राशि के लोग हैं

**वृष राशि :** आप लोगों के लिए धनराजयोग बनना लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी राशि से भाग्य और कर्म के स्वामी होकर लाभ होकर लाभ भाव पर स्थित हैं। वहीं इस दौरान आपकी आय जबरदस्त में वृद्धि हो सकती है। साथ ही नौकरी करने वाले लोगों के पदोन्नति मिल सकती है। वहीं नौकरी कर रहे जातकों को किसी प्रभावशाली व्यक्ति का साथ मिलेगा। वहीं इस समय आपको शेयर बाजार, लॉटरी में लाभ हो सकता है।

**मकर राशि :** शनि देव आपकी राशि से तीसरे स्थान पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। साथ ही इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही आत्मविश्वास के साथ किए गए कार्यों से आपको अच्छा धन लाभ मिल सकता है। इस अवधि में आप अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे। साथ ही आपके प्रभाव में भी वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** शनि देव आपकी राशि से कर्म के स्थान पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में अच्छे सक्सेस मिल सकती है। वहीं इस समय बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। साथ ही व्यापारियों को अच्छा लनलाभ हो सकता है। व्यापारी वर्ग के लोगों को भी अच्छा लाभ मिलेगा। साथ ही नौकरीपेशा लोगों के लिए भी शनि का का धनराजयोग बनाना करियर में नई संभावनाएं लेकर आने वाला है।

## घर में सुख-शांति चाहते हैं तो इन 3 मूर्तियों को पूजा घर में न रखें



घर का पूजा स्थल यानी मंदिर, इसे वास्तु में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मंदिर किस दिशा में होना चाहिए, पूजा करने वाले का मुंह किस ओर होना चाहिए और वहां कौन-सी मूर्तियां रखनी चाहिए, इन सब बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वास्तु शास्त्र कहता है कि घर के मंदिर में कुछ मूर्तियों को रखने से बचना चाहिए। माना जाता है कि ऐसी मूर्तियों को घर में रखने से वास्तु दोष लग सकता है और नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**मृत परिजनों की तस्वीर न रखें मंदिर में :** वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के मंदिर में कभी भी मृत परिजनों की तस्वीर या मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। मृत परिजनों की पूजा केवल पितृ पक्ष में ही करनी चाहिए। रोजाना उनकी पूजा करने से परिवार में बाधाएं और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। साथ ही मंदिर में मृत परिजन के साथ किसी साधु-संत की भी तस्वीर या मूर्ति नहीं रखनी चाहिए।

**इन देवी-देवताओं की मूर्ति न रखें :** घर के पूजा स्थल में काली मां, राहु-केतु और शनि देव की मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। दरअसल ये देवता उग्र माने जाते हैं और इनकी पूजा विशेष विधि-विधान के साथ करनी पड़ती है। अगर इन्हें गलत तरीके से पूजा की जाए तो जीवन में संकट और परेशानियां आ सकती हैं। इसलिए घर के मंदिर में हमेशा शांत और सौम्य स्वरूप वाली मूर्तियां ही रखनी चाहिए।

**नाचते हुए गणेश जी की मूर्ति न रखें :** वास्तु शास्त्र में मंदिर में कभी भी नाचते हुए गणेश जी की मूर्ति या प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। हमेशा गणेश जी की बैठी हुई और आशीर्वाद देती मूर्ति ही शुभ मानी जाती है। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और सौभाग्य बढ़ता है।

**मां लक्ष्मी की मूर्ति जरूर रखें :** घर के मंदिर में मां लक्ष्मी की मूर्ति अवश्य रखनी चाहिए। मां लक्ष्मी को धन और समृद्धि की देवी माना जाता है। जहां मां लक्ष्मी का वास होता है, वहां कभी दरिद्रता नहीं आती। इस बात का ध्यान रखें कि मां लक्ष्मी की मूर्ति हमेशा बैठी हुई अवस्था में होनी चाहिए, खड़ी हुई नहीं। साथ ही अगर आप मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति भी साथ रखते हैं, तो यह बेहद शुभ माना जाता है। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### भोजन का ठीक तरह से न पचना या ज्यादा मसालेदार भोजन करना शामिल हो सकता है

# सुबह-सुबह आपका भी फूल जाता है पेट तो इन पेय से करें दिन की शुरुआत, कम होगी सूजन

सुबह के वक्त कुछ लोगों का पेट फूल जाता है, जिसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें गैस बनना, भोजन का ठीक तरह से न पचना या ज्यादा मसालेदार भोजन करना शामिल हो सकता है। अगर आपको भी रोजाना सुबह यह समस्या होती है तो खाली पेट इन 4 पेय का सेवन करें। इन्हें डाइट का हिस्सा बनाने से गैस नहीं बनेगी, पेट अच्छी तरह साफ हो जाएगा और पेट की सूजन भी कम हो जाएगी।



### नींबू और अदरक का डिटॉक्स पेय

नींबू और अदरक से बनने वाला डिटॉक्स पेय पेट की सूजन को झट से कम कर सकता है। अदरक में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं और यह पाचन को बेहतर बनाती है। वहीं, नींबू भोजन को तोड़ने में मदद करता है और Lपेट को फायदा पहुंचाता है। इस पेय को बनाने के लिए एक गिलास गर्म पानी में ताजा नींबू का रस डालें और घिसी हुई अदरक मिलाएं। आप चाहें तो इसमें एक चम्मच शहद मिला सकते हैं।

### सौंफ की चाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञ पेट की सूजन घटाने के लिए सौंफ की चाय पीने की सलाह देते हैं। यह एक प्रकार की हर्बल चाय होती है, जिसमें केवल 2 ही सामग्री का इस्तेमाल होता है। इसे बनाने के लिए पानी गर्म करें और उसमें सौंफ डालकर उबलने दें। इसके बाद इसे छानकर खाली पेट पिएं। सौंफ में वायुनाशक और सूजनरोधी गुण मौजूद होते हैं, जिसकी मदद से पेट की सूजन कम हो जाती है और गैस से छुटकारा मिलता है।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी उन लोगों के खान-पान का हिस्सा रहती है, जो वजन घटाने की कोशिश कर रहे होते हैं। हालांकि, इसे पीने से सूजन कम करने में भी मदद मिल सकती है। इस चाय में एंटीऑक्सीडेंट और कैटेचिन मौजूद होते हैं, जो आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। ज्यादा फायदे पाने के लिए ग्रीन टी में शहद या चीनी न मिलाएं।

### ब्लैक कॉफी

सुबह-सुबह खाली पेट ब्लैक कॉफी का सेवन करना भी सूजन कम करने का बढ़िया तरीका होता है। यह पेय पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त करके पेट को अच्छी तरह साफ कर देता है। इसमें पाए जाने वाले कैफीन में मूत्रवर्धक गुण होते हैं, जो मूत्र के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। इससे विषाक्त पदार्थों और तरल पदार्थ को शरीर से बाहर निकालने में मदद मिलती है, जो सूजन का कारण बनते हैं।

## करवा चौथ पर इन रंगों के कपड़े पहनना हो सकता है अशुभ

करवा चौथ का पर्व हर विवाहित महिला के लिए बेहद खास होता है। इस दिन सजना-संवरना और नए कपड़े पहनना परंपरा का हिस्सा है, लेकिन मान्यता है कि करवा चौथ पर कुछ रंग पहनने से बचना चाहिए।

**काला रंग:** करवा चौथ के दिन काले कपड़े पहनने से बचना चाहिए। यह रंग नकारात्मकता और दुख का प्रतीक माना जाता है। इस शुभ अवसर पर माहौल को सकारात्मक और खुशहाल रखने के लिए काले रंग से दूरी बनाना सही है।

**भूरा रंग:** भूरे रंग को अक्सर निराशा और उदासी से जोड़ा जाता है। करवा चौथ एक उत्सव और आनंद का दिन है, ऐसे में भूरा रंग इस मौके की भव्यता को कम कर सकता है। इसलिए इसे पहनने से बचना चाहिए।

**ग्रे रंग:** ग्रे यानी धूसर रंग को सुस्ती और नीरसता का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व पर महिलाओं को उत्साहित और जीवंत दिखना चाहिए, इसलिए ग्रे रंग से परहेज करना शुभ माना गया है।

**गहरा नीला रंग:** इस रंग में गंभीरता और कभी-कभी नकारात्मकता झलकती है। करवा चौथ जैसे हर्षोल्लास वाले पर्व पर हल्के और चमकीले रंगों का चयन करना बेहतर होता है।



## त्यौहारों पर जमकर होती है काजू की बिक्री, ऐसे करें असली-नकली की पहचान

काजू एक स्वादिष्ट और पौष्टिक मेवा है, जो सेहत से जुड़े कई लाभ प्रदान कर सकता है। त्यौहारों के सीजन में काजू की बिक्री काफी बढ़ जाती है। हालांकि, बाजार में असली और नकली काजुओं की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। नकली काजू असल में हानिकारक होते हैं और इनमें रसायन मिलाए जाते हैं, जो सेहत के लिए खतरा बन सकते हैं। हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप असली और नकली काजुओं की पहचान कर सकते हैं।

### असली-नकली काजू में है रंग का भेद


काजू का रंग उसकी गुणवत्ता को दिखाता है। असली काजू हल्के भूरे रंग के होते हैं, जबकि नकली काजू अक्सर सफेद या चमकदार होते हैं। अगर काजू का रंग बहुत ही चमकदार है तो यह रसायन से बना हो सकता है, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए खरीदने से पहले हमेशा काजू के रंग पर ध्यान दें और कोशिश करें कि हल्के भूरे रंग वाले काजू ही खरीदें।

### खुशबू सूंघें

असली काजू में प्राकृतिक और हल्की खुशबू होती है, जबकि नकली काजू में अक्सर तेज और अप्राकृतिक सुगंध होती है। अगर आप काजू खरीदते समय उसकी खुशबू पर ध्यान देंगे तो आप आसानी से असली और नकली काजुओं में फर्क कर सकते हैं। नकली काजुओं में रसायन मिलाए जाते हैं, जो उनकी खुशबू को तेज बना देते हैं, जबकि असली काजू की खुशबू बहुत ही हल्की होती है।

### आकार और बनावट देखें

असली काजू का आकार आमतौर पर एक जैसा होता है और वे आकार में बड़े होते हैं। नकली काजू का आकार अक्सर छोटा और असमान होता है। अगर आप हाथों में काजू लेकर देखेंगे तो आपको फर्क साफ नजर आएगा। असली काजू को देखकर ही पता चल जाएगा कि वे प्राकृतिक हैं या नहीं। नकली काजू में रसायन मिलाए जाते हैं, जो उन्हें आकार में छोटा और असमान बना देते हैं।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पेरिस फैशन वीक में जेडन स्मिथ का अंदाज देख बरसे लोग



हॉलीवुड सुपरस्टार विल स्मिथ के 27 साल के बेटे जेडन स्मिथ विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर जेडन की खूब थू-थू हो रही है। यूजर्स यहां तक कह रहे हैं कि विल समिथ को अपने बेटे को थप्पड़ लगा देना चाहिए। असल में यह पूरा मामला, पेरिस फैशन वीक 2025 में जेडन के अजीब-ओ-गरीब लुक का है! उन्होंने अपना चेहरा लाल रंग से पेंट कर रखा था और उनका अंडरवियर भी दिख रहा था। जेडन को लेकर सोशल मीडिया पर यह बहस एक वायरल वीडियो के बाद शुरू हुई है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। यूजर्स को दिक्कत जेडन के लाल रंग के जूते, लाल बेल्ट और लाल टोपी के साथ लाल रंग के चेहरे से हुई है। एक यूजर ने लिखा है, 'ये क्या बकवास है, विल स्मिथ को बेटे को थप्पड़ लगाना चाहिए था!' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'पिता इतने टैलेंटेड हैं और बेटा ऐसा है।' एक तीसरे यूजर ने तंज कसते हुए लिखा है, 'भाई, जैकी चैन के साथ फिल्में करने वाला ये इस हद तक गिर गया है।' कुछ लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि ये आखिर करता क्या है? इसकी क्या उपलब्धि है, क्या ये बस यूं ही तस्वीरें खिंचवाता है? हालांकि, एक तरफ जहां सोशल मीडिया की जनता जेडन का 'लाल चेहरा' देख मुंह बिचका रही है, वह शायद यह नहीं जानती कि ऐसा करने के पीछे एक खास कारण है। जेडन का यह लुक दरअसल, फ्रेंच लग्जरी ब्रांड क्रिश्चियन लुबूटिन के रेड सोल सिंबल से जुड़ा है।

### टॉलीवुड

## कांतारा चैप्टर 1 आस्था और लोककथा का अद्भुत मिश्रण



साउथ इंडियन फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की धूम हिंदी पट्टी में भी मची है। फिल्म को कई कलाकार सराहा चुके हैं। हाल ही में तमिलनाडु की राजनीति में सक्रिय नेता अन्नामलाई ने भी ऋषभ शेट्टी की फिल्म को सराहा है। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने चार दिनों में ही 200 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म अपना बजट भी वसूल कर चुकी है। फिल्म को हर तरफ से तारीफ मिल रही है। सोमवार को पॉलिटिशियन अन्नामलाई ने भी एक ट्वीट करके फिल्म को सराहा है। अन्नामलाई अपने एक्स (ट्विटर) पोस्ट में लिखते हैं, 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' आस्था और लोककथाओं का एक अद्भुत मिश्रण है। ऋषभ शेट्टी ने निर्देशक और अभिनेता दोनों के तौर पर शानदार अभिनय किया है। उन्होंने तुलु नाडु की संस्कृति, पंजुरली देव और गुलिगा की पूजा और उनकी अभिव्यक्तियों को एक साथ पेश किया है।'वह ट्वीट में आगे लिखते हैं, 'फिल्म का हर फ्रेम अद्भुत है। एक सिविल सर्वेंट के तौर में अपनी सेवा के दौरान इन परंपराओं को देख चुका हूं। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' आध्यात्मिक रूप से पुरानी यादों को ताजा करती है।'अनुपम खेर ने भी अपने परिवार के साथ फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' देखी। थिएटर से ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही एक ट्वीट भी किया है। अनुपम अपने ट्वीट में लिखते हैं, ' ऋषभ अभी-अभी अपनी मां, भाई, हरमन और फाल्गुनी के साथ 'कांतारा चैप्टर 1' देखी। मैं निशब्द हूं।

### भोजपुरी

## जब पवन सिंह के घर पहुंचीं पत्नी ज्योति, फूट-फूटकर रोईं



हाल ही भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वो अपने पति और एक्टर पवन के लखनऊ वाले घर पर पहुंची हैं और वहां हाईवोल्टेज ड्रामा होता हुआ दिख रहा है। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वो एक्टर-पति पवन सिंह के घर पहुंची हैं, जहां चारों तरफ पुलिस दिख रही है। वीडियो में वह रोती-बिलखती दिख रही हैं। साथ ही वह जानना चाह रही हैं कि उन्हें अपने पति से मिलने से क्यों रोका जा रहा है। वीडियो में वह रोते हुए कहती हैं, "मैं अपने पति पवन सिंह के घर आई हूं। उन्होंने मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। अब पुलिस मुझे ले जाने आई है। मैंने कौन सा गुनाह किया है?' ज्योति सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा, 'मैं आप लोगों के कहने पर यहां आई थी। आपने कहा था कि भाभी आप जाईए, हम लोग देखेंगे कि आपको कौन घर से निकालता है? अब आप फैसला करिए कि मुझे न्याय कैसे मिलेगा।' आगे वीडियो में एक महिला पुलिसकर्मी ज्योती से कहती है कि उन्होंने भी मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। इसपर ज्योति सिंह ने तुरंत इनकार करते हुए कहा, "मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा।" फिर वह फोन पर किसी से बात करते हुए भी रोने लगती हैं। आपको बताते चलें कि पवन सिंह की पहली शादी 2014 में नीलम सिंह से हुई थी। इसके तीन महीने बाद ही उनकी पत्नी का निधन हो गया था। इसके बाद साल 2018 में अभिनेता की दूसरी शादी ज्योति सिंह से हुई थी। हालांकि, इस समय दोनों के रिश्तों में कुछ ठीक नहीं चल रहा है और दोनों के बीच तलाक की बातें भी चल रही हैं।

## ऐश्वर्या ने ब्लैक ड्रेस में रैंप पर बिखेरा जलवा

मुंबई। फ्रांस की राजधानी पेरिस में फैशन वीक का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने शिरकत किया और रैंप वॉक भी किया। ब्लैक ड्रेस में अभिनेत्री ने अपने ग्लैमरस अंदाज से सभी को आकर्षित कर लिया। अभिनेत्री ने हीरे जड़े एक खूबसूरत ब्लैक कलर के आउटफिट में पेरिस फैशन वीक में रैंप वॉक किया और वहां मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके ड्रेस की खास बात ये है कि उनके आस्तीन और कोट के बैक पर 10 इंच के हीरे की कढ़ाई हुई है। इसके अलावा, बड़े हीरे और पन्ने वाला ब्रोच उनके लुक को और भी शानदार बना रहे हैं। उनके स्टाइल और कॉन्फिडेंस ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मेकअप की बात करें तो, अभिनेत्री ने अपने ड्रेस में बोल्ड टच देने के लिए लाल लिपस्टिक लगाई, जो उनके लुक को और आकर्षक बना रहा है।

लाइफ स्टाइल



## करवा चौथ पर केवल लाल ही नहीं इन रंगों की साड़ी पर भी दिखेंगी दुल्हन की तरह

फैशन



करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को रखा जाएगा। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं और पति के दीर्घायु की कामना करती हैं। करवा चौथ पर महिलाएं पूरे सोलह श्रृंगार कर संजती संवरती हैं। वैसे तो करवा चौथ पर रेड कलर पहनना सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है और यह रंग सभी पर खूब जंचता भी है। इस साल करवा चौथ पर अगर आप कुछ अलग कलर की साड़ियां पहनेंगी तो भी नई दुल्हन की तरह ही लगेंगी। लाल रंग की ही तरह ये रंग भी हिंदू धर्म में काफी शुभ माने जाते हैं।

**पीली रंग की साड़ी :** पीला रंग हिंदू धर्म में बेहद शुभ माना जाता है। किसी भी शुभ-मांगलिक कार्य या तीज-त्योहार के मौके पर इस रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है। इस साल करवा चौथ पर आप भी पीली रंग की साड़ी ट्राई कर सकती हैं। इसके साथ आप लाल रंग का ब्लाउज भी मैच कर सकती हैं।

**हरे रंग की साड़ी :** सुहागिन महिलाओं के लिए लाल रंग की तरह हरा रंग भी काफी शुभ होता है। कजरी तीज से लेकर हरतालिका तीज सभी व्रतों में महिलाएं हरे रंग की साड़ियां ही पहनती हैं। करवा चौथ पर भी आप इस शुभ रंग की साड़ी को ट्राई कर सकती हैं। हरे रंग की साड़ी में गोल्ड की ज्वेलरी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे।



**गुलाबी रंग की साड़ी :** गुलाबी रंग बहुत खूबसूरत रंग होता है। आजकल इस रंग की साड़ियों और लहंगे का खूब ट्रेंड है। गुलाबी रंग हर किसी पर खूब जचता है। इस साल करवा चौथ पर आप गुलाबी रंग की साड़ी भी पहन सकती हैं।

## आंखों के नीचे पड़े कालेपन और सूजन को हटाने में कारगर है नारियल का तेल

आंखों के नीचे पड़े काले घरे को दूर करने के लिए नारियल के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह एक प्राकृतिक और असरदार उपाय है। नारियल का तेल त्वचा को नमी देता है और उसे मुलायम बनाता है। इसके गुण त्वचा की मरम्मत करते हैं और सूजन को कम करते हैं। नियमित रूप से रात को सोने से पहले आंखों के नीचे नारियल का तेल लगाने से काले घेरे धीरे-धीरे कम हो सकते हैं।

### त्वचा को देता है नमी

नारियल का तेल त्वचा को गहराई से नमी प्रदान करता है। यह खासकर आंखों के नीचे की नाजुक त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है। जब आप रात को सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे नारियल का तेल लगाते हैं तो यह तेल त्वचा में समा जाता है और उसे मुलायम बनाता है। इसके अलावा यह त्वचा को सूखने से बचाता है और उसे टाइट रखता है, जिससे काले घेरे धीरे-धीरे कम हो जाते हैं।

### त्वचा की करता है मरम्मत

नारियल के तेल में मौजूद गुण त्वचा की मरम्मत कर सकते हैं और उम्र बढ़ने के मुख्य कारणों से लड़ सकते हैं। यह गुण आंखों के नीचे की त्वचा को युवा बनाए रखने में मदद कर सकता है। नियमित रूप से रात को सोने से पहले आंखों के नीचे नारियल का तेल लगाने से आपकी त्वचा ताजगी महसूस करेगी और काले घेरे कम होंगे।



### कम कर सकता है सूजन

अगर आपकी आंखों के नीचे सूजन होती है तो नारियल का तेल इसमें भी मदद कर सकता है। इसका ठंडा प्रभाव सूजन को कम करता है और आंखों को आराम देता है।

### त्वचा को बनाता है मुलायम

नारियल का तेल धीरे-धीरे आंखों के नीचे पड़े काले घेरे को हल्का करने के साथ त्वचा को मुलायम बना सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को पोषण देते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं। नियमित उपयोग से आपकी आंखें तरोताजा दिखेंगी और काले घेरे कम होंगे। इसके अलावा नारियल का तेल लगाने से त्वचा की मरम्मत होती है और वह मुलायम बनती है। इस प्रकार नारियल का तेल एक सरल, असरदार और प्राकृतिक उपाय है।

## चनिया चोली को रोजमर्रा में पहनने के लिए अपनाएं ऐसे तरीके, दिखेगा डिफरेंट

चनिया चोली एक पारंपरिक भारतीय परिधान है, जिसे आमतौर पर त्योहारों और विशेष मौकों पर पहना जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इसे रोजमर्रा के कपड़ों में के साथ मिलाकर भी पहना जा सकता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसे तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप चनिया चोली को रोजाना भी पहन पाएंगी। इन तरीकों को अपनाकर आपको एक आरामदायक लुक मिलेगा, जो मॉडर्न और पारंपरिक लुक का मिल होगा।

**चोली को जींस के साथ स्टाइल करें :** चोली पारंपरिक डिजाइन वाला ब्लाउज होता है, जिसे आप रोजाना भी स्टाइल कर सकती हैं। इसे डेनिम जींस के साथ पहनना बढ़िया निर्णय होगा, जिससे एक आधुनिक लुक मिल जाएगा। आप बेल बॉटम और वाइड लेग जींस के साथ चोली पहनकर बढ़िया लगेंगी। इसे आप अपने कॉलेज या ऑफिस के पारंपरिक समारोहों में पहन सकती हैं। इससे सभी का ध्यान आपकी ओर खिंचेगा और सभी आपकी तारीफ करेंगे।



### चनिया के साथ कुर्ती पहनें

चनिया पारंपरिक स्कर्ट होती है, जो गुजरात में बहुत मशहूर है। इस कपड़े के साथ अगर आप चोली नहीं पहनना चाहती हैं तो कुर्ती पेयर कर लें। इस लंबी स्कर्ट के साथ लंबी कुर्ती ही पेयर करें, ताकि वह चनिया को थोड़ा ढक सके। यह आउटफिट आपको कॉलेज के इवेंट में पहनकर जाना चाहिए, जिससे आप सबसे अलग दिखेंगी।

### चोली के साथ मिनी स्कर्ट पेयर करें

चोली के साथ डेनिम स्कर्ट पेयर करना भी बहुत अच्छा निर्णय हो सकता है। आपको पारंपरिक लुक के लिए प्रिंटेड डेनिम स्कर्ट पहननी चाहिए। वहीं, आधुनिक लुक पाना चाह रही हैं तो डेनिम मिनी स्कर्ट पहन लें। इस लुक के साथ घुटनों तक की लंबाई वाले बूट पहन लें और ऑक्सीडाइज्ड जेवर स्टाइल करें।

## पारंपरिक परिधानों के साथ पहन सकती हैं ऐसी जूतियां, लगेंगी बहुत खूबसूरत

जूती भारत का एक पारंपरिक फुटवियर है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ सुंदर भी दिखता है। यह फुटवियर हर पारंपरिक पोशाक को खास बना सकता है। आज-कल बाजार में कई तरह की जूती उपलब्ध रहती हैं, जो अलग-अलग डिजाइनों और रंगों में मिलती हैं।

**कढ़ाई वाली जूती :** कढ़ाई वाली जूतियों में हाथ से कढ़ाई की जाती है, जिस वजह से ये सबसे सुंदर लगती हैं। ये जूती आमतौर पर रेशमी धागों से बनाई जाती हैं और इनमें पारंपरिक भारतीय डिजाइन होती हैं। इन्हें किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ पहना जा सकता है और ये आपको एक शाही लुक दे सकती हैं। खासतौर पर शादी-ब्याह और त्योहारों जैसे मौकों पर ये जूतियां बहुत ही आकर्षक लगती हैं।



**चमड़े की जूती :** चमड़े की जूती आरामदायक होने के साथ-साथ लंबे समय तक चलने वाली होती हैं। इन्हें खासतौर पर लखनवी चिकनकारी या जरी की कारीगरी से सजाया जाता है। यह जूती किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ अच्छी लगती है और इसे पहनकर चलने में आसानी रहती है। इसके अलावा चमड़े की जूतियों का डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है, जो इन्हें खास बनाता है। इन्हें आप रोजमर्रा में भी पहन सकती हैं।

**शीशे की सजावट वाली जूती :** शीशे की सजावट वाली जूती इन दिनों बहुत चलन में है। इन जूतियों पर छोटे-छोटे शीशे लगे होते हैं, जो इन्हें चमकदार बना देते हैं। इन्हें आप शरारा, सूट और लहंगा जैसे परिधानों के साथ स्टाइल कर सकती हैं। शीशे की सजावट वाली जूती पहनकर आप किसी भी समारोह में आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं। इनकी चमक और डिजाइन के चलते ये सभी को पसंद आ जाती हैं।

कार्नर न्यूज

## महिलाओं के लिए बेहद खास पर्व, करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को

# करवा चौथ पर दुल्हन की तरह सजना-संवरना है तो जानें क्या हैं पूरे 16 श्रृंगार

करवा चौथ के दिन महिलाएं चंद्र उदय का बेसब्री के साथ इंतजार करती हैं। करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को है। करवा चौथ का व्रत महिलाओं के लिए बेहद खास पर्व होता है। व्रत के दिन महिलाएं 16 श्रृंगार करती हैं और दुल्हन की तरह सजती संवरती हैं लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि कौन-कौन से हैं 16 श्रृंगार और इसके पीछे की मान्यताएं है।



### मांग टीका

मांग टीका जब तक माथे पर न सजे, दुल्हन भी दुल्हन नहीं लगती है। मांग टीका लगाने से चेहरे की शोभा बढ़ा देता है। जिससे सबकी नजर यूं ही टिक जाती है। आजकल बाजार में एक से बढ़कर एक टीके उपलब्ध हैं, जिनमें कुंदन, स्टोन, मोती, मीनाकारी और फूलों से बने मांगटीके प्रमुख हैं।

### चेहरे को सुंदर बनाती है नथ

नथ या नथनी आपके चेहरे की रौनक को बढ़ाने में बेहद खास भूमिका अदा करती है। मांग टीका और नथनी आपके चेहरे की रौनक को बढ़ा देता हैं। नथनी से दुल्हन की तरह अपने चेहरे की रौनक बढ़ जाती है। आरती कर्णफूल यानि ईयररिंग्स आज के समय में इन्हें बोलचाल की भाषा में ईयरिंग्स कहा जाता है। आप चाहें तो पारंपरिक झुमके या फिर लटकन पहन सकती हैं। इसके अलावा सेट के साथ या फिर अपने परिधान से मिलते-जुलते इयररिंग आपकी खूबसूरती को चार चांद लगा देंगे।

### माथे पर दमके बिंदिया

बिंदी के बिना सुहागन का श्रृंगार अधूरा रहता है। करवाचौथ के दिन पिया के नाम की बिंदी लगाना जरूरी होता है। माथे पर चांद सी दमकती बिंदिया आपकी आभा का निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। बिंदी आपके पिया को करीब होने का एहसास दिलाती है।

### बालों में गजरा

काले, घने और लंबे बाल नारी की सुंदरता को बढ़ा देता है। हर किसी का दिल जीतने के लिए काले बालों पर यह सफेद गजरा बहुत जचतें हैं। आप चाहें तो जूड़ा बना सकते हैं या चोटी बनाएं या फिर बालों को खुला रखें, इस दिन गजरे से आपकी शोभा बढ़ जाएगी।



### हाथों में दिखना चाहिए सुर्ख मेंहदी

करवा चौथ पर पिया के नाम की मेंहदी सभी सुहागिनों को लगाना चाहिए। माना जाता है कि मेंहदी का रंग जितना गहरा होगा, उतना ही वो आपके प्रेम को दर्शाता है। तो करवाचौथ पर पिया के नाम की मेंहदी लगाएं।

### रंग-बिरंगी चूड़ियां

हाथों में चूड़ियों की खनक, न केवल पति-पत्नी के प्रेम की ओर संकेत करती हैं, बल्कि मन को प्रफुल्लति भी रखती हैं। ये चूड़ियां की खनन से आपकी मेहंदी वाली हाथों में खूब जंचेगा। खनकती चूड़ियों को पहनने में कोई कोताही न बरतें।

### सही परिधान

खास तौर से साड़ी, लहंगा या कोई पारंपरिक परिधान आपके करवाचौथ को खास बनाती है। ऐसे में आप अपनी शादी का जोड़ा पहनकर, सुहानी यादों को ताजा कर सकती हैं।